दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 133
कोटद्वार शुक्रवार
8 सितम्बर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## गर्भपात अब क्राइम नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने अपराध की श्रेणी से बाहर रखने का सुनाया फैसला

**मेक्सिको , एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मौजूदा प्रतिबंध को असंवैधानिक बताते हुए संघीय स्तर पर गर्भपात को अपराध की श्रेणी से बाहर करने का फैसला सुनाया है। मैक्सिको के सुप्रीम कोर्ट ने सोशल प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में बुधवार को कहा कि संघीय आपराधिक संहिता में गर्भपात को दंडित करने वाली कानूनी प्रणाली असंवैधानिक है, क्योंकि यह महिलाओं के मानवाधिकारों का उल्लंघन करती है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2021 में गर्भपात का अपराधीकरण, जिसने गर्भपात की मांग करने वाली महिलाओं पर तीन साल तक की जेल और जुर्माना लगाया वह असंवैधानिक है। गौरतलब है कि मेक्सिको के 12 राज्यों ने पहले ही गर्भपात को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया था। सबसे हालिया फैसला 30 अगस्त को अगुआस्कालिएंटेस राज्य में आया था।

## पीएम के मार्ग दर्शन में हिमालयी राज्यों में हो रहे अभूतपूर्व विकास कार्य : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने औद्योगिक विकास योजना-2017 के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश और उत्तराखण्ड के लिए 1164.53 करोड़ रूपये के अतिरिक्त आवंटन को स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में सभी हिमालयी राज्यों में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं।

गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए औद्योगिक विकास योजना, 2017 के तहत अतिरिक्त धन की आवश्यकता को मंजूरी देते हुए 1164 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय परिव्यय स्वीकृत प्रदान की है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (उद्योग संवर्द्धन एवं आन्तरिक व्यापार विभाग), भारत सरकार द्वारा औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल प्रदेश और उत्तराखण्ड राज्य में औद्योगिक इकाईयों के लिए औद्योगिक विकास स्कीम 2017 लागू की गई है, जो कि 1 अप्रैल 2017 से लागू होकर 31 मार्च 2022 तक प्रभावी थीं। योजनान्तर्गत राज्य में स्थापित होने वाली नई एवं पर्याप्त विस्तारीकरण करने वाली औद्योगिक इकाईयों को संयंत्र व मशीनरी में किये गये पूंजी निवेश का 30 प्रतिशत अधिकतम 5 करोड़ उपादान एवं वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ करने के दिनांक से 5 वर्ष की अवधि तक भवन परिसरों एवं संयंत्र व मशीनरी के बीमा पर 100 प्रतिशत बीमा प्रीमियम की प्रतिपूर्ति किये जाने के प्राविधान किये गये थे। राज्य में योजनान्तर्गत 215 उपादान दावे ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुए हैं. जिनमें से 101 उपादान दावों को राज्य स्तरीय समिति द्वारा स्वीकृत/संस्तुत किये गये हैं, जिसमें 46 इकाईयों को उपादान वितरित किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा शेष दावों की देयता के लिए 1164 करोड़ रूपये की धनराशि मंजूर की गई है। मंजूर धनराशि से 2028-2029 तक प्रतिबद्ध देनदारियों को पूरा किया जायेगा।

## प्रभावित लोगों की हर संभव सहायता करेगी सरकार : महाराज

**पौड़ी** : प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र सहित जनपद के विभिन्न हिस्सों से हाल ही में




अतिक्रमण हटाये जाने पर कहा कि यह कार्यवाही प्रशासन द्वारा हाईकोर्ट के निर्देश पर की गई। इस मामले में किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होगा। प्रभावित लोगों की हर संभव सहायता की जायेगी।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के सतपुली सहित जनपद के विभिन्न हिस्सों से हाल ही में हटाये गये अतिक्रमण को लेकर जारी अपने बयान में कहा कि यह कार्यवाही प्रशासन द्वारा हाईकोर्ट के निर्देश पर की गई। इस कार्यवाही की जद में स्वयं उनके पौड़ी स्थित आश्रम का हिस्सा भी आया है। इसलिए इस इस मामले में किसी भी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। न्यायालय का जो भी निर्णय एवं दिशा-निर्देश होगा उसी के अनुसार सरकार प्रभावित लोगों की सहायता करेगी।

## अक्तूबर से फिर शुरू होगी दो महीने से बंद आदि कैलाश यात्रा

**पिथौरागढ़** । दो महीने से बंद आदि कैलाश यात्रा फिर शुरू हो रही है। कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) अक्तूबर से यात्रा को फिर शुरू करने की तैयारी कर रहा है। मानसूनकाल में तवाघाट–लिपुलेख सड़क के बंद होने के बाद केएमवीएन आवेदन कर चुके यात्रियों को यात्रा नहीं करा पाया था। इस समय सिर्फ प्राइवेट टूर ऑपरेटर के दल यात्रा के लिए आ रहे हैं।

कुमाऊं मंडल विकास निगम चार मई से आदि कैलाश यात्रा शुरू करता है। मानसून काल में यात्रा मार्ग के बार–बार बंद होने के कारण जुलाई और अगस्त में यात्रा को बंद कर दिया था। अब जगह–जगह खराब हुई चीन सीमा और आदि कैलाश यात्रा मार्ग को ठीक करने का कार्य किया जा रहा है। केएमवीएन के महाप्रबंधक एपी वाजपेयी का कहना है कि सितंबर अंतिम सप्ताह तक सड़क के ठीक होने की उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में यात्रा अक्तूबर से शुरू कर दी जाएगी।



वर्ष 2023 में चार मई से शुरू हुई यात्रा के दौरान केएमवीएन ने 223 पर्यटकों को आदि कैलाश, ओम पर्वत, पार्वती सरोवर और कालापानी के दर्शन कराए थे। प्राइवेट टूर ऑपरेटर ने भी करीब दो हजार से अधिक लोगों को यात्रा कराई।केएमवीएन ने वर्ष 1991 में आदि कैलाश यात्रा शुरू की थी। तब यात्रियों को धारचूला से आदि कैलाश तक सात से आठ पड़ाव पैदल चलकर आदि कैलाश पहुंचना पड़ता था। वर्ष 2019 में बीआरओ के चीन सीमा तक सड़क बनाने के बाद वर्ष 2022 में आदि कैलाश यात्रा वाहन से शुरू हो पाई। अब यात्रियों को पैदल नहीं चलना पड़ता है।धारचूला एसडीएम कार्यालय में इनर लाइन परमिट बनने शुरू हो गए हैं।

## चांद पर भी सेल्फी का क्रेज, आदित्य–एल1 अंतरिक्ष यान ने खींची तस्वीर

**चेन्नई ,एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि आदित्य–एल1 अंतरिक्ष यान ने पृथ्वी और चंद्रमा की सेल्फी और तस्वीरें ली हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, सूर्य–पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु (एल1) के लिए निर्धारित आदित्य–एल1 ने एक सेल्फी ली है और साथ ही पृथ्वी और चंद्रमा की तस्वीरें भी ली हैं। इसरो ने तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपलोड की हैं।

भारत की अंतरिक्ष आधारित सौर वेधशाला, आदित्य–एल1 को 2 सितंबर को ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान –एक्सएल (पीएसएलवी–एक्सएल) संस्करण नामक एक भारतीय रॉकेट द्वारा निम्न पृथ्वी कक्षा (एलईओ) में कक्षा में स्थापित किया गया था।

तब से इसरो द्वारा अंतरिक्ष यान की कक्षा दो बार बढ़ाई गई है। जैसे ही अंतरिक्ष यान लैग्रेंज पॉइंट ( की ओर यात्रा करेगा, यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र से बाहर निकल जाएगा। एसओआई से बाहर निकलने के बाद, क्रूज़ चरण शुरू हो जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को एल 1 के चारों ओर एक बड़ी प्रभामंडल कक्षा में इंजेक्ट किया जाएगा वह बिंदु जहां दो बड़े पिंडों सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव बराबर होगा और इसलिए अंतरिक्ष यान किसी भी ग्रह की ओर गुरुत्वाकर्षण नहीं करेगा।

लॉन्च से एल1 तक की कुल यात्रा में आदित्य–एल1 को लगभग चार महीने लगेंगे और पृथ्वी से दूरी लगभग 1.5 मिलियन किमी होगी।

## जोशीमठ से मारवाड़ी तक खस्ताहाल हुआ हाईवे

**जोशीमठ** । बदरीनाथ हाईवे पर जोशीमठ से मारवाड़ी के बीच बार–बार लग रहे घंटों जाम को देखते हुए बृहस्पतिवार से यहां वनवे सिस्टम लागू कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन की ओर से यात्रा वाहनों को जगह–जगह रोककर आवाजाही करवाई जा रही है।

बरसात के बाद यात्रा में तेजी आने से हाईवे पर यात्री वाहनों की संख्या बढ़ गई है जिससे जोशीमठ से मारवाड़ी के बीच 10 किलोमीटर हिस्से में जाम की स्थिति बन रही है। साथ ही जोशीमठ से मारवाड़ी पुल तक बदरीनाथ हाईवे संकरा है और बरसात में तो हाईवे और भी तंग हालत में पहुंच गया है।

ऐसे में यहां वाहनों की एक साथ आवाजाही कराना संभव नहीं है। इस कारण पुलिस ने यहां वनवे सिस्टम लागू कर दिया है। जोशीमठ थाना प्रभारी राकेश भट्ट का कहना है कि एक तरफ के वाहन गुजरने के बाद दूसरी तरफ के वाहनों को भेजा



जा रहा है।

बदरीनाथ हाईवे पर बेलाकूची में ट्रॉला फंसने से एक घंटे तक जाम लगा रहा। काफी मशक्कत के बाद ट्रॉला हटाने के बाद यातायात सुचारु हुआ। इस दौरान हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की करीब एक किलोमीटर तक लंबी लाइन लग गई।

बरसात में बेलाकूची में मलबा आने से बदरीनाथ हाईवे संकरा हो गया है जिससे यहां पर वाहनों की आवाजाही में दिक्कतें हो रही हैं। बृहस्पतिवार दोपहर करीब दो बजे यहां एक ट्रॉला फंस गया जिससे हाईवे पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। दोनों तरफ करीब एक किमी तक वाहनों की कतार लगी रही।

## राज्य में निवेश की अनेक संभावनाएं : धामी

### पर्वतीय क्षेत्रों के विकास से ही राज्य का समग्र विकास संभव

**जयन्त प्रतिनिधि**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए निवेश के लिए विभागों द्वारा जिन परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है उनकी समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने के लिए और प्रभावी प्रयासों की जरूरत है। राज्य का समग्र विकास पर्वतीय क्षेत्रों के विकास से ही संभव है। पर्वतीय क्षेत्रों में निवेशकों को निवेश करने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश के लिए अनेक संभावनाएं हैं, इन संभावनाओं को हमें कार्यरूप में लाकर प्रदेश की आर्थिकी को तेजी से बढ़ाना है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में निवेश को तेजी से बढ़ाने के लिए विभागों में बनी पॉलिसी को और बेहतर बनाने के लिए जो भी सुझाव प्राप्त हो रहे हैं, उनको शामिल करते हुए जो भी संशोधन की आवश्यकता है, इसके लिए प्रस्ताव लाये जाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय सचिव इस पर विशेष ध्यान दें कि इन्वेस्टर्स समिट शुरू होने तक विभिन्न परियोजनाओं के तहत काफी अच्छी ग्राउंडिग हो जाए। राज्य में निवेश को तेजी से बढ़ाना राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। सभी विभागीय सचिव इसके लिए नियमित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विभागों के लैंड बैंक की पोर्टल के माध्यम से मॉनिटरिंग की जाय। निवेश के लिए आवश्यकतानुसार भूमि का सही उपयोग होना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी निवेश प्रस्ताव आ रहे हैं उनकी जल्द ग्राउंडिंग हो जाए। राज्य में निवेश बढ़ाने के लिए विभागों द्वारा जो भी योजना बनाई जा रही है, उसका क्रियान्वयन सुनियोजित तरीके से हो। यह सुनिश्चित किया जाए कि नीतियों का सरलीकरण के साथ ही निवेशकों को सभी अनुमतियां समय पर मिल जाएं। मुख्यमंत्री ने राज्य में निवेश बढ़ाने के लिए पर्यटन, कृषि, मैन्युफक्चरिंग, स्वास्थ्य, आयुष, शहरी विकास, ऊर्जा आईटी, खेल, स्किल डेवलपमेंट एवं तकनीकि शिक्षा, उच्च एवं माध्यमिक शिक्षा, परिवहन एवं अन्य क्षेत्रों में विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी सचिवों को निर्देश दिये कि कार्यों में और तेजी लाने के लिए अपने विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाय। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधू, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, अरविंद सिंह ह्यांकी, सचिन कुर्वे, बी.वी.आर.सी पुरूषोत्तम, रविनाथ रमन, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, विजय कुमार यादव, डॉ. आर. राजेश कुमार, विनय शंकर पाण्डेय, दीपेन्द्र कुमार चौधरी, डॉ. एस.एन. पाण्डेय, प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## 21वीं सदी एशिया की सदी, इसे बनाने में भारत और आसियान का साथ बेहद जरूरी: मोदी

**जकार्ता, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक विकास को गति देने और 21वीं सदी को एशिया की सदी बनाने के लिए भारत एवं आसियान के बीच सहयोग की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा है कि कोविड पश्चात एक नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था का निर्माण और ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूती देने से यह लक्ष्य हासिल हो सकता है।

श्री मोदी ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में 20वें भारत आसियान शिखर–सम्मेलन में अपने आरंभिक वक्तव्य में यह बात कही। श्री मोदी ने भारत एवं आसियान के बीच साझीदारी का चौथा दशक प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि हमारा इतिहास और भूगोल भारत और आसियान को जोड़ते हैं। साथ ही साझा मूल्य, क्षेत्रीय एकता, शांति, समृद्धि, और बहुध्रुवीय विश्व में साझा विश्वास भी हमें आपस में जोड़ता है। आसियान भारत की ऐक्ट ईस्ट नीति का केंद्रीय स्तंभ है। भारत आसियान केंद्रीयता और हिंद प्रशांत क्षेत्र पर आसियान के दृष्टिकोण का पूर्ण समर्थन करता है। भारत के हिंद प्रशांत क्षेत्र पहल में भी आसियान क्षेत्र का प्रमुख स्थान है। पिछले वर्ष हमने भारत–आसियान मैत्री वर्ष मनाया और आपसी संबंधो को एक 'समग्र रणनीतिक साझीदारी का रूप दिया। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक अनिश्चितताओं के माहौल में भी हर क्षेत्र में, हमारे आपसी सहयोग में लगातार प्रगति हो रही है। यह हमारे संबंधो की ताकत और सातत्य का प्रमाण है।




उन्होंने कहा कि इस वर्ष की आसियान शिखर–सम्मेलन की थीम है– 'आसियान मैटर्ज़ एपीसेंट्रम ऑफ ग्रोथ'। आसियान मैटर्स, क्योंकि यहां सभी की आवाज सुनी जाती है, और आसियान एपीसेंट्रम ऑफ ग्रोथ क्योंकि वैश्विक विकास में आसियान क्षेत्र की अहम भूमिका है। वसुधैव कुटुंबकम– 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की यही भावना भारत की जी–20 अध्यक्षता की भी थीम है। श्री मोदी ने कहाकि इक्कीसवीं सदी एशिया की सदी है। हम सब की सदी है। इसके लिए आवश्यक है, कोविड पश्चात एक नियम–आधारित वैश्विक व्यवस्था का निर्माण और मानव कल्याण के लिए सबका प्रयास। स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद प्रशांत क्षेत्र की प्रगति में और ग्लोबल साउथ की आवाज को बुलंद करने में, हम सबके साझे हित हैं। मुझे विश्वास है कि आज हमारी बातचीत से भारत और आसियान क्षेत्र के भावी भविष्य को और सुदृढ़ बनाने के लिए नए संकल्प लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि समन्वयक देश सिंगापुर, आगामी अध्यक्ष लाओ पीडीआर और आप सभी के साथ भारत कंधे से कंधा मिलाकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने भारत– आसियान शिखर–सम्मेलन के शानदार आयोजन के लिए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो का आभार व्यक्त किया तथा कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट को हाल ही में आसियान की अध्यक्षता ग्रहण करने के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में तिमोर लेस्ते के प्रधानमंत्री सेनाना गुज़माओ का भी स्वागत किया।

## नफरत के बाजार में खुल रही है मोहब्बत की दुकान: राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि आज उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' की पहली वर्षगांठ है और तब से नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानें लगातार खुल रही हैं। श्री गांधी ने एक्स पर लिखा भारत जोड़ो यात्रा का एक साल। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानें खुल रही हैं।

भारत जोड़ो यात्रा के एकता और मोहब्बत की ओर करोड़ों कदम, देश के बेहतर कल की बुनियाद बने हैं। यात्रा जारी है, नफ़रत मिटने तक, भारत जुड़ने तक। ये वादा है मेरा। इसके साथ ही उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा पर एक वीडियो भी पोस्ट किया है जिसमें भारत जोड़ो यात्रा की झांकियां प्रदर्शित की गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने श्री गांधी को इस यात्रा के लिए बधाई दी और कहा 'भारत जोड़ो यात्रा' के एक वर्ष पूरे होने पर, मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से श्री राहुल गांधी, सभी भारत यात्रियों और हमारे लाखों नागरिकों को बधाई देता हूं जो इस यात्रा में शामिल हुए पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा भारतीय राजनीति में एक बेहद परिवर्तनकारी घटना थी।यह यात्रा बढ़ती आर्थिक असमानता, बढ़ते सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक तानाशाही जैसे विषयों पर केंद्रित थी।

## ईवीएम वीवीपैट पर्चियों के 100 फीसदी सत्यापन की याचिका का सुप्रीम कोर्ट में आयोग का विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से वोटर वेरिफ़िएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की पर्चियों का 100 फीसदी सत्यापन की मांग वाली याचिका का उच्चतम न्यायालय के समक्ष विरोध किया है। चुनाव आयोग ने एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की याचिका पर एक हलफनामा दायर करके कहा कि शत–प्रतिशत वीवीपैट पर्चियों की गिनती ईवीएम के उपयोग की भावना के खिलाफ होगी। इसका मतलब पुराने पेपर बैलेट व्यवस्था पर वापस लौटना होगा।

चुनाव आयोग ने 469 पन्नों के एक बड़े हलफनामे में यह भी दावा किया कि वीवीपैट के माध्यम से यह सत्यापित करने का मतदाताओं का कोई मौलिक अधिकार नहीं है कि उनका वोट डाले गए वोट के रूप में दर्ज किया गया और रिकार्ड किए गए वोट के रूप में गिना गया।

## सनातन धर्म विवाद में सीएम योगी की एंट्री, बोले– जिसने भी चुनौती दी वो मिट गया

**लखनऊ , एजेंसी।** सनातन धर्म विवाद पर पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि आज का समय जब पूरा देश सकारात्मक दिशा में बढ़ने का काम कर रहा तब कुछ लोगों को ये अच्छा नहीं लगता। इन उपलब्धियों पर उनके द्वारा भारत, भारतीयता, यहां की सनातन परंपरा पर उंगली उठाने का कार्य



किया जा रहा है...ये भूल गए कि जो सनातन नहीं मिटा था रावण के अहंकार से, जो सनातन नहीं डिगा था कंस की हुंकार से, जो सनातन नहीं मिटा था बाबर और औरंगजेब के अत्याचार से वह सनातन इन तुच्छ सत्ता परजीवी जीवों से क्या मिट पाएगा? इनको स्वयं अपने कृत्यों पर लज्जित होना चाहिए।

कार्यक्रम में सीएम योगी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि की सनातम धर्म को लेकर की गई टिप्पणी पर उन्होंने पूरे इंडिया गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि दुनिया पर संकट आता है तो सनातन धर्म आगे कर लोगों की सुरक्षा और संरक्षण का काम करता है।

आगे कहा कि जब भी देश में अन्याय और अत्याचार हुआ, हमारे महापुरुषों ने विशेष प्रकाशपुंज के रूप में समाज का मार्गदर्शन किया। जब समाज संकट में दुष्ट प्रवृत्ति के लोग हों शांति में खलल पैदा करने की कोशिश तो ईश्वरीय अवतारों ने कहीं कोर कसर नहीं छोड़ी।

कार्यक्रम में सीएस दुर्गाशंकर मिश्रा, डीजीपी विजय कुमार, एसडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, मंत्री दयाशंकर सिंह समेत अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# आई.टी.बी.पी. के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने की सीएम धामी से भेंट



देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में आई.टी.बी.पी. के महानिदेशक श्री अनीश दयाल सिंह ने भेंट की। उन्होंने राज्य में अर्धसैनिक बलों के शहीद जवानों के आश्रितों को भी राज्य सरकार की सेवाओं में नौकरी देने के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी में उत्तराखण्ड से काफी संख्या में जवान है। उन्होंने कहा कि राज्य के वाइब्रेंट विलेज के लोगों की आर्थिकी को बढ़ाने में आई.टी.बी.पी द्वारा हर संभव सहयोग दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्रों के लोगों की आर्थिकी बढ़े और उनके उत्पादों को अच्छी मार्केटिंग मिल सके, आईटीबीपी उन उत्पादों को खरीदेगी। महानिदेशक आईटीबीपी ने कहा कि इसके लिए आईटीबीपी को राज्य की सहकारी समितियों के माध्यम से सहयोग मिल जाए तो उत्पादों को खरीदने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्रों के लिए आईटीबीपी डॉक्टर एवं स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध करायेगी, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय के साथ कार्य किया जायेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत राज्य के वाइब्रेंट विलेज वाले क्षेत्रों में लोगों की आर्थिकी को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

## संगोष्ठी में नई प्रौद्योगिकी की जानकारी दी

देहरादून। उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) की ओर से संगोष्ठी आयोजन किया गया। इसमें किसानों को नई प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी दी गई। अग्नि मिशन टीम के सहयोग से आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने की। उन्होंने चंपावत जिले को आदर्श जनपद के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न रेखीय विभाग, केंद्रीय संस्थान और प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार भारत सरकार के कार्यालय के साथ मिलकर किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। समन्वयक आदर्श चंपावत प्रहलाद सिंह अधिकारी ने संगोष्ठी के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। कहा कि अग्नि टीम के द्वारा चंपावत जिले में किसानों को नई प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी दी गयी और भविष्य में भी यूकॉस्ट के साथ मिलकर चंपावत जिले में नवीन प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। आईआईपी के निदेशक डॉ. हरेंद्र सिंह बिष्ट ने संस्थान के माध्यम से चंपावत जनपद में किये जा रहे कार्यों के साथ ही भविष्य में किये जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी गयी।

# तीर्थनगरी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम



ऋषिकेश। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर तीर्थनगरी कान्हा के रंग में रंगी नजर आई। शहर में श्रीकृष्ण मंदिर सजे दिखे। वहीं श्रीकृष्ण–राधा की झांकी देखने मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। विभिन्न मंदिरों में देर रात्रि तक जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। गुरुवार को तीर्थनगरी ऋषिकेश में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। शहर के हर छोटे–बड़े मंदिर फूल और लड़ियों से सजे दिखे। श्रीकृष्ण मंदिरों में कान्हा और राधा की पोशाक पहने स्कूली छात्र–छात्राओं की झांकियां श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र रहीं। मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना का सिलसिला चलता रहा। शाम 6 बजे से श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में श्रीकृष्ण की झांकियों के दर्शन को जुटने लगी। शहर में मुखर्जी मार्ग स्थित गोपाल मंदिर में राधा–कृष्ण, कालिया नाग, बांके बिहारी और कैलाश पर्वत पर विराजमान शिव परिवार की झांकी देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। वहीं मुनिकीरेती स्थित मधुबन आश्रम में श्रीकष्ण धुन में मग्न श्रद्धालु देर शाम तक थिरकते रहे। यहां वनमंत्री सुबोध उनियाल ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। त्रिवेणी घाट, नीम करौली आश्रम, दुर्गा मंदिर, वीरभद्र मार्ग स्थित श्रीकृष्ण मंदिर,भरत मंदिर झंडा चौक, गीता भवन,परमार्थ निकेतन और रलवे रोड स्थितराधाकृष्ण मंदिर में भी श्रीकृष्ण–राधा की झांकी ने भक्तों का मन मोह लिया।

# संयुक्त नागरिक संगठन ने ली हिमालय बचाओ की शपथ

देहरादून। संयुक्त नगारिक संगठन की ओर से डालनवाला में ब्रिगेडियर केजी बहल के 89 वें जन्म दिन पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में शामिल लोगों ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत हिमालय बचाने की शपथ भी ली। संगठन के अध्यक्ष ब्रिगेडियर केजी बहल ने कहा कि विश्व युद्ध के खतरे को रोकने में भगवदगीता में श्रीकृष्ण के दिए गए उपदेश आज भी सार्थक साबित हो रहे हैं। जी–20 के माध्यम से विश्व को ह्यवसुदेव कुटुंबकम का भारत का संदेश विश्व शांति का आधार बन सकेगा। इस दौरान ब्रिगेडियर केजी बहल द्वारा गीता के श्लोकों के काव्यात्मक शैली में अंग्रेजी रूपांतरण की पुस्तक का विमोचन दून सिख वेलफेयर एसोसिएशन के सरदार जीएस जस्सल और दून एक्स सर्विस लीग के उपाध्यक्ष कर्नल बीएम थापा ने किया। संचालन सुशील त्यागी ने किया। इस मौके पर डॉ. एसके गोहिल, मुकेश शर्मा, शशांक गुप्ता, पेंशनर संगठन के चौधरी ओमवीर सिंह, सिख वेलफेयर एसोसिएशन के जेएस पुन, जसवीर सिंह रानोत्रा, उपभोक्ता समिति के अमरजीत सिंह भाटिया, समानता मंच के विनोद नौटियाल, पेरेंट्स एसोसिएशन के आरिफ खान, राज्य आंदोलनकारी मंच के प्रदीप कुकरेती, रमा गोयल, कुसुम गंभीर, जसमिंदर कौर जस्सल, मीरा थापा, अवधेश शर्मा, मोहम्मद इस्लाम, विकास खन्ना, लेफ्टिनेंट कर्नल जीएस गंभीर, रेजीडेंट वेलफेयर एशोसियेशन के जितेन्द्र डडोना, दिनेश भंडारी आदि मौजूद रहे।

## दो शिक्षकों को मिला सम्मान

हरिद्वार। संस्कृत शिक्षक संघ दिल्ली ने स्थापना दिवस पर हरिद्वार के दो शिक्षकों को संस्कृत शिक्षक रत्न पुरस्कार 2023 से विभूषित किया है। संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार में कार्यरत बी.डी. इंटर कॉलेज भगवानपुर के डॉ. विजय कुमार त्यागी और गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर के डॉ. सुशील कुमार त्यागी को शिक्षक रत्न दिया गया है।

## स्वास्थ्य शिविर का 300 लोगों उठाया लाभ

चमोली : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा विभाग की ओर से गोपेश्वर में रामलीला मैदान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद धर्मार्थ चिकित्सालय पीपलकोटी के सौजन्य से संचालित इस शिविर में डा. विकास पोखरियाल डेंटल डा. सुशील बलोनी, फिजिशियन डा. डिंपल सिंह, स्पाइन फार्मासिस्ट संजय सिंह नेगी, नर्सिंग स्टाफ सुमन गुसाईं दशोली खंड कार्यवाहक कुलबीर सिंह बिष्ट, अंकित नेगी, अतुल शाह, रामचंद्र भट्ट सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य हिम्मत चौहान, कालिका प्रसाद सेमवाल, महेन्द्र, संतोष भंडारी, जगदंबा हटवाल, प्रेम बिश्नोई, सुधीर तिवारी मौजूद रहे।

# आईटीबीपी के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में आईटीबीपी के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने शिष्टाचार भेंट की।

राज्यपाल ने कहा कि आईटीबीपी सीमाओं की सुरक्षा के अलावा कई आंतरिक सुरक्षा अभियानों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आईटीबीपी हिमालय क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाओं के लिए फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में राहत व बचाव अभियानों का संचालन भी करती है जो उत्तराखण्ड जैसे राज्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

इस दौरान राज्यपाल ने महानिदेशक से वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के सम्बन्ध में चर्चा की और कहा कि उत्तराखंड के परिपेक्ष्य में आईटीबीपी की महत्वपूर्ण भूमिका है। देश के सीमावर्ती गांवों को सशक्त बनाने के शुरू किया गया वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम जो सीमावर्ती गावों के विकास और सामरिक दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण है इसमें आईटीबीपी सराहनीय कर कर रही है।

## एक नजर

### भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा ने बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया

विकासनगर। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा देहरादून ग्रामीण के अंतर्गत गुरुवार को विधान सभा सहसपुर के शिवालिक ग्रामीण मंडल एवं विधान सभा विकास नगर के ग्रामीण मंडल के केदारावाला ग्राम पंचायत में व विकासनगर शहर मंडल में बूथ अध्यक्ष सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला देहरादून ग्रामीण की जिला प्रभारी शमीना सिद्दीकी ने बूथ अध्यक्ष के आवास पर जाकर नेम प्लेट लगाकर सम्मानित किया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत केदावाला, सहसपुर के शिवालिक मंडल, विकासनगर शहर मंडल में वोटर चेतना अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों को जागरूक किया कि वह अपने वोट बनाएं जिससे वह आने वाले चुनाव में अपना मत का प्रयोग कर सकें। साथ ही उन्होंने युवाओं को प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार की जानकल्याण कारी उपलब्धियों को भी गिनाया। इस दौरान सरफराज जाफरी, सुरेंद्र सिह, सारीक खान,गुलफाम अली आदि मौजूद रहे।

### चकराता वन प्रभाग में कर्मियों के व्यापक स्तर पर किये स्थानांतरण

विकासनगर। चकराता वन प्रभाग अंतर्गत कनासर रेंज में अवैध पातन जंगल कटान प्रकरण में डीएफओ चकराता ने वन दरोगा, वन वीट अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्य क्षेत्र बदलते हुए एक रेंज से दूसरे रेंज में स्थानांतरित कर दिया है, जिससे वन कर्मियों में खलबली मची हुई है। उप प्रभागीय वनाधिकारी मुकुल कुमार ने बताया कि लम्बे समय से वन कर्मी अपने घरों के नजदीक और चहेते जगहों पर तैनाती से मनमानी करते पाये गये। इसलिए उनके स्थानांतरण किए जा रहे हैं। दरअसल, अगस्त माह में डीएफओ चकराता कल्याणी नेगी ने कनासर रेंज में पेड़ों के अवैध कटान मामले में स्वयं फील्ड में उतर कर बड़े पैमाने पर बेशकीमती देवदार और कैल की लकड़ी जब्त की थी।

# बाघ की दो खाल और 35 केजी हड्डी संग तीन तस्कर गिरफ्तार

देहरादून। दो बाघों की घाल और 35 किलो हड्डी के साथ तीन वन्यजीव तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। आरोपियों को कुमाऊं में बाजपुर हाइवे से गिरफ्तार किया गया है।

तीनों आरोपी बीते 22 जुलाई पकड़े गए सात लोगों के गैंग से जुड़े हुए हैं। तब पुलिस ने एक बाघ की खाल और काफी मात्रा में हड्डियां बरामद की थीं। संभावना है कि बाघ का शिकार यूपी–उत्तराखंड जिले के बार्डर क्षेत्र में किया गया। आरोपियों को रिमांड पर लेकर इसकी जानकारी जुटाई जाएगी।

एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने सोमवार को अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसटीएफ, वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली और तराई केंद्रीय वन प्रभाग रुद्रपुर (टांडा) की संयुक्त टीम ने बुधवार देर शाम बाजपुर स्थित हाइवे से ट्रक सवार तीन तस्कर



गिरफ्तार किए। आरोपियों से दो बाघ की खाल और 35 किग्रा बाघ की हड्डी बरामद हुई है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान शमशेर सिंह (23) पुत्र कुलविंदर सिंह निवासी शिव कॉलोनी सर्वरखेड़ा जसपुर, कुलविंदर सिंह (60) पुत्र खड़क सिंह निवासी शिव कॉलोनी सर्वरखेड़ा थाना जसपुर और जोगा सिंह (28) पुत्र सुरता सिंह निवासी सर्वरखेड़ा थाना जसपुर जिला ऊधमसिंहनगर के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि तीनों आरोपी महज कैरियर की भूमिका निभाते हुए डिलीवरी देने जा रहे थे।

## हरबर्टपुर में खुला रक्षा मंच का प्रदेश कार्यालय

विकासनगर। कोर्ट रोड हरबर्टपुर विकासनगर में गुरुवार को भारत रक्षा मंच के प्रदेश कार्यालय का शुभारंभ कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर सुंदरकांड प्रसाद वितरण कर किया गया। आयोजन में विभिन्न हिंदूवादी संगठन के प्रमुख जन, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, पदाधिकारी की मौजूदगी में प्रदेश संयोजक संगठन मंत्री आशीष वाजपेयी ने कहा उत्तराखंड और हिमाचल बॉर्डर पर कार्यालय से पूरे प्रदेश की गतिविधियों पर नजर व कार्यकर्ताओं के हित की दृष्टि से बेहद उपयोगी साबित होगा। कहा इस कार्यालय में विशेष आईटी सेल का गठन किया जाएगा। महिला मंच का पूरे प्रदेश में तहसील स्तर से जिलेस्तर तक कार्यकरणीय गठित कर विस्तार किया जाएगा।

# चंद्रयान की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र



हरिद्वार। पुलिस लाइन रोशनाबाद में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। बाल कलाकारों ने कान्हा की पोशाक में शानदार प्रस्तुति दी। कनखल थाने में चंद्रयान की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। एसएसपी अजय सिंह ने परिवार के साथ दुर्गा मंदिर में लड्डू गोपाल का झूला झुलाकर पूजा अर्चना की।

बुधवार की रात पुलिस लाइन में जन्माष्टमी पर्व पर देर रात तक कार्यक्रम चला। पुलिस परिवार और आम लोगों ने शिरकत की। भव्य झांकियों के साथ श्रद्धालु सेल्फी लेते नजर आए। बहुउद्देशीय हॉल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहुंचकर कलाकारों का उत्साहधर्वन किया। इस दौरान एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, सीओ लक्सर मनोज कुमार, सीओ मंगलौर बहादुर सिंह चौहान, सीओ सिटी जूही मनराल, सीओ सदर स्वप्निल मुयाल, सीओ रुड़की पल्लवी त्यागी आदि शामिल रहे।

# ऋषिकुमारों और बीएसएफ जवानों और ने लिया हिमालय बचाने का संकल्प

ऋषिकेश। हिमालय बचाओ अभियान के तहत गुरुवार को परमार्थ निकेतन आश्रम के ऋषिकुमारों ने हिमालय को बचाने की शपथ ली। वक्ताओं ने कहा कि हिमालय को बचाने के लिए विज्ञान के अलावा आध्यात्मिक दृष्टिकोण भी जरूरी है। तीर्थनगरी के मंदिर और आश्रमों से जुड़े आचार्य और पुरोहित समाज भी हिमालय बचाओ अभियान से जुड़ता दिख रहा है। उनका कहना है कि विज्ञान चाहे आज इस बात को समझ रहा है कि हिमालय मनुष्यों के जीवन को प्रभावित करता है, लेकिन हमारे वेद पुराणों में सदियों से हिम शिखरों,नदियों आदि की पूजा की जाती रही है। जिससे इनका अत्याधिक दोहन न हो सके और पर्यावरणीय संतुलन बना रहे। परमार्थ निकेतन के आचार्य दीपक शर्मा ने गुरुकुल के 30 ऋषिकुमारों को सामूहिक रूप से हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। हमें समाज को भी इस ओर एकजुट करने की आवश्यकता है। उधर, डोईवाला में बीएसएफ के 130 जवानों ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ ली। शपथ दिलाते हुए बीएसएफ कमांडेंट महेश नेगी ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि देश को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि हिमालय को सुरक्षित रखा जाए।

## चोरी के पांच मोबाइल संग आरोपी धरा

ऋषिकेश। चांदमारी और कुड़कावाला से पांच मोबाइल फोन चुराने के आरोप में एक शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तलाशी में पुलिस ने आरोपी से चोरी के मोबाइल बरामद किए हैं। घटना में प्रयुक्त आरोपी की बाइक को पुलिस ने सीज कर दिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक चांदमारी निवासी दलजीत सिंह ने किरायेदारों के चार मोबाइल और कुड़कावाला के रहने वाले शाहरुख ने भी घर से एक मोबाइल फोन चोरी होने की शिकायत दी थी। इस पर पुलिस टीम ने गुरुवार को ओमप्रकाश उर्फ भोंदा पुत्र गणेशी निवासी केशवपुरी बस्ती, डोईवाला को सौंग नदी के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# सेलाकुई में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर श्रद्धालू भजन कीर्तनों पर झूमते रहे

विकासनगर। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की पूर्व संध्या पर बुधवार व गुरुवार की मध्य रात्रि तक भजन कीर्तन श्रद्धा झूमते रहे। श्रद्धालुओं ने चांद के निकलने तक जय श्री कृष्णा जय श्री राधे का जयघोष किया।

पूरे सेलाकुई क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन रहे। बुधवार की देर शाम श्री खाटू श्याम मंदिर राजस्थान से आई भजन गायिका किशोरी कनिष्क के भजनों की धूम मची रही।

वहीं शिव मन्दिर में मधु बेंजवाल, खेड़ा मंदिर और राजकीय इंटर कॉलेज सेलाकुई कीर्तन मंडली के भजन कार्यक्रम



आयोजित किये गये। ओम सखी मंडली, नवदुर्गा कीर्तन मंडली देवभूमि सरस्वती खेड़ा, गौरीशंकर, एकता आदि मंडलीयो ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। भगवान श्री कृष्ण के आकर्षक स्वरूप में सजधजकर पहुंचे बच्चों ने सभी का ऐसा मनमोहा कि लोग भगवान श्रीकृष्ण के भजन कीर्तनों में मशगूल हो गये। सभी मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण की भक्ति के भजन गाए। राजकीय इंटर कॉलेज में कीर्तन मंडलियों ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया।

# भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर कांग्रेस ने की गोष्ठी आयोजित

विकासनगर। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर कांग्रेस ने गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं देश को नफरत और सांप्रदायिकता के जहर से मुक्त करने का संकल्प लिया। इस मौके पर गोष्ठी के मुख्य वक्ता पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा ने देश में मोहब्बत और भाईचारा बढ़ाया है। जिससे नफरत का बाजार चलाने वाले बौखलाये हुए हैं। कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री और अनुशासन समिति के अध्यक्ष नवप्रभात ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा इस देश के अंदर एक ऐतिहासिक परिवर्तन लेकर आई है। कहा कि एक साल पहले देश के अंदर जो लोग एकता, अखंडता, मोहब्बत, समरसता की बात करते थे वे विकल्पनीयता की की स्थिति में आ गये थे। देश के अंदर लगातार नफरत फैलाई जा रही थी। जनता के मन की बात कोई सुनने समझने वाला नहीं था। लोगों के अंदर दहशत पैदा की गयी थी, लेकिन कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा ने पूरे देश में माहौल बदल दिया। कहा कि यात्रा ने देश के बिखरे हुए विपक्ष को एकजुट कर इंडिया गठबंधन तैयार किया। जिससे सत्ता में बैठकर तानाशाही करने वाले बौखलाये हैं। कहा कि आज महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर है। आम जनता सरकार की गलत नीतियों से तंग आ चुकी है। जनता देश में नयें विकल्प के रूप में कांग्रेस के गठबंधन इंडिया में आशा की किरण जागी है। पूर्व सैनिक पर पोस्ट के ब्लॉक अध्यक्ष हाकम सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां डिफेंस सेक्टर को लगातार कमजोर कर रही है जिस वजह से पूर्व सैनिक इस सरकार से पूरी तरह नाराज है और कांग्रेस के साथ हैं। पीसीसी सदस्य संजय जैन ने कहा कि कोई भी देश तभी मजबूत होता है जब वह समृद्धशाली होता है। देशवासियों में आपसी प्यार, भाईचारा व मोहब्बत होती है। लेकिन वर्तमान सरकार लोगों में नफरत के बीच बोने में जुटी है। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सचिव विकास शर्मा ने किया। गोष्ठी में जिला पंचायत सदस्य धीरज बोबी नौटियाल, कुंवर पाल सिंह, नजमा इकबाल, बीना चौहान, भाष्कर चुग, अशोक जांगड़ा, राजीव शर्मा, संदीप तोमर,डॉ सुभाष चंबेल, अभिषेक चौहान, फरियाद हुसैन, हुसनदीन, इतेंद्र पुंडीर, अभिनव ठाकुर, आशीष पुंडीर, कितेश जायसवाल, धीरेन्द्र तडियाल आदि ने विचार व्यक्त किये।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया

हरिद्वार। विद्या विहार एकेडमी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में डेफोडिल प्ले ग्रुप के बच्चों ने प्रति किया। कार्यक्रम में बच्चें राधा कृष्ण के परिधान पहन कर स्कूल पहुंचे। इस दौरान बच्चों ने भयों जय कन्हैयालाल की आदि गानों पर नृत्य किया प्रस्तुत किया। स्कूल की प्रधानाचार्य शोभना पालीवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अपूर्व पालीवाल, प्रीति, गगनदीप, प्रवीण श्रीवास्तव, कंचन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# आइंपा का जमनपुर चौक पर प्रदर्शन

विकासनगर। दैवीय आपदा के दौरान किसानों की खेती को हुए नुकसान सहित किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आम इंसान पार्टी ने जमनपुर चौक पर प्रदर्शन किया।

इस मौके पर पार्टी ने प्रदेश सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया। किसानों की खेती को हुए नुकसान को लेकर प्रदेश सरकार से दस हजार रुपये प्रति बीघा जमीन के हिसाब से मुआवजा देने की मांग की। जमनपुर चौक पर आइंपा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस मौके पर अध्यक्ष आकिल अहमद ने कहा सरकार लगातार किसानो की मांगो को नज़रअंदाज कर रही है। सरकार को किसानों की समस्याएं सुननी चाहिए और उनके लिए काम करना चाहिए। लेकिन सरकार का इस और कोई ध्यान नहीं है, प्रदेश भर के किसान लगातार आपदा त्रस्त हैं। कई इलाकों में किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। उस पर सरकार को प्रति बीघा पर दस हज़ार रुपये का मुआवज़ा देना चाहिए। गन्ना किसानों का तत्काल भुगतान करना चाहिए।

## पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष के निधन पर जताया शोक

**कोटद्वार** : भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी की वरिष्ठ नेत्री और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शशि नैनवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया। व्यापार मंडल सभागार में आयोजित शोक सभा में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि उनका निधन पार्टी और समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। उनका पूरा जीवन जन सरोकारों के लिए समर्पित रहा। कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष के पद पर रहते हुए उन्होंने शहर के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। शोक व्यक्त करने वालों में नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया, उमेश त्रिपाठी, हरीश खर्कवाल, सुनीता कोटनाला, अनीता आर्य, मीना बैंजवाल, अमित भारद्वाज, अनिल बहुगुणा, मोहम्मद इमरान, अर्जुन अग्रवाल, मानेश्वरी बिष्ट, सूर्यकान्त बलूनी, हरि सिंह पुंडीर, आशीष सतीजा, अमिताभ अग्रवाल, ओम प्रकाश बलूनी, रानी नेगी, नगर मंडल प्रभारी दर्शन सिंह बिष्ट, मीनू खान, प्रीति कुलाश्री, विनय भाटिया, निशा जुयाल, अरूण भट्ट, सुनील गोयल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# डीएम ने दिया पंपिंग व्यवस्था जल्द शुरू करने का भरोसा

### महापौर और पूर्व काबीना मंत्री ने की प्रभावित लोगों से मुलाकात

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भाबर क्षेत्र के किसानों को अतिवृष्टि के कारण सिंचाई व्यवस्था ठप होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को सिंचाई के लिए जलापूर्ति करने वाली नहरों में मलवा भरा हुआ है। संबधित विभागीय अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

महापौर कोटद्वार श्रीमती हेमलता नेगी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने नंदपुर क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था ठप पड़ जाने के कारण प्रभावित लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनी। उन्होंने जिलाधिकारी से दूरभाष पर बात कर कहा कि मालन नदी में बांई और दांई नहर पर सिंचाई की वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पंपों द्वारा पानी चलाया जाए, जिससे किसानों को अति शीघ्र राहत पहुंचे। जिलाधिकारी ने सिंचाई अधीक्षण अभियंता को भेजकर पंपिंग व्यवस्था शीघ्र शुरू कराने का भरोसा दिया है। महापौर ने कहा कि 13 जुलाई को मालन फीडर क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण दांई मालन नहर और बांई मालन नहर पर पानी चलना बंद हो जाने के कारण मोटाढांग व कलालघाटी क्षेत्र के किसानों की खड़ी फसलों को भारी क्षति पहुंची है, ठीक इसी तरह खोह नदी पर बांई और दांई नहर बंद हो जाने के कारण लालपानी क्षेत्र व सुखरौ पट्टी की फसलें सूखने



पूर्व काबीना मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी नंदपुर में प्रभावित लोगों की समस्या सुनते हुए।

की कगार पर हैं, जिससे क्षेत्र वासियों के सम्मुख भुखमरी जैसी स्थिति पैदा हो गई है। पूर्व काबीना मंत्री ने बताया कि उन्होंने 30 अगस्त को मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार और सिंचाई मंत्री उत्तराखंड सरकार को पूरी स्थिति का जायजा लेने के बाद अवगत करा दिया था।

## राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षक दौलत सिंह गुंसाई को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय शिक्षक संघ जनपद शाखा पौड़ी की ओर से शिक्षक दिवस पर राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक दौलत सिंह गुंसाई को स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

संगठन कार्यालय कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि दौलत सिंह गुंसाई को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार मिलना पूरे प्रदेश के शिक्षकों के लिए गर्व की बात है, क्योंकि उनके द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर एवं दुर्गम ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को साथ में लेकर विज्ञान से संबंधित कई नवाचार प्रयोग करने के बाद यह पुरस्कार मिला है। पूर्व जिला मंत्री मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि दौलत सिंह गुंसाई एवं प्रदेश में कई शिक्षक ऐसे हैं जो लगातार नए-नए प्रयोगों से शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं और यह हम सभी के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। इस मौके पर दौलत सिंह गुंसाई ने कहा कि छात्र को केंद्र बिंदु मानते हुए नवाचार प्रयोग करने से यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। कार्यक्रम में जिला मंत्री बिजेंद्र बिष्ट, पूर्व जिला मंत्री मनमोहन सिंह चौहान, प्रधानाचार्य मुकेश रावत, डा. पद्मेश बुड़ाकोटी, आशीष खारवाल, धीरेंद्र सिंह रावत, डबल सिंह रावत, प्रशांत बडोला, हरीश जोशी, संजय रावत, बिजेंद्र तोमर, सत्येंद्र रावत, सुभाष बिष्ट, परितोष रावत, संदीप बिष्ट, अनूप रावत, सीतांशु कुकशाल, जयकृत नेगी, अजय नेगी, आनंद सिंह रावत, गजेंद्र रावत, प्रेरणा नेगी, रतन सिंह रावत, विनोद पंत आदि उपस्थित थे।

## कोटद्वार में सीजीएचएस की शाखा खोलने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नागरिक मंच ने कोटद्वार में सेंट्रल गवर्मेंट हेल्थ सर्विस (सीजीएचएस) की शाखा खोलने की मांग की है। इस संबंध में मंच की ओर से केन्द्र सरकार को ज्ञापन भेजा गया है।

मंच के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश नैथानी, महासचिव अतुल भट्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कहा कि कोटद्वार गढ़वाल का प्रवेश द्वार है। शहर की जनसंख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है, लेकिन यहां की स्वास्थ्य सेवाएं प्रर्याप्त नहीं है, जिस कारण यहां के लोगों को उपचार के लिए देहरादून, दिल्ली सहित अन्य शहरों में जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कोटद्वार में केंद्रीय सेवा व अर्द्धसैनिक बलों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की काफी संख्य व इन सेवाओं में सेवारतजनों के परिजन भी काफी संख्या में निवास करते है। इनके लिए जो सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा सुलभ है, उसके लिए उन्हें देहरादून जाना पड़ता है, क्योंकि सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में देहरादून व हल्द्वानी में सीजीएचएस की सुविधा सुलभ है। यदि कोटद्वार में सीजीएचएस की शाखा खुलती है समीपवर्ती पर्वतीय क्षेत्र की जनता को भी इसका लाभ मिलेगा।

# जन्माष्टमी पर गजेंद्र राणा के गीतों पर झूमे लोग

### जन्माष्टमी पर पुलिस लाइन पौड़ी में किया गया कार्यक्रम आयोजित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : श्री कृष्ण जन्माष्टमी पुलिस लाइन पौड़ी में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोकगायक गजेंद्र राणा व उनकी टीम द्वारा गढ़वाली, कुमांऊनी, जौनसारी लोक गीतों व लोकनृत्यों की शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान विभिन्न मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई, जो आकर्षण का मुख्य केन्द्र रही।



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए बच्चें।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजन संध्या का शुभारम्भ जिलाधिकारी गढ़वाल आशीष चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा दीप प्रज्वल्लित कर किया गया। इस दौरान पुलिस परिजनों, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं एवं कीर्तन मंडली द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक, रंगारंग एवं मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में सिद्धि विनायक डांस ग्रुप कोटद्वार द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव की नृत्य द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। साईबर सेल पुलिस टीम द्वारा साइबर सुरक्षा संबंधी जागरूकता नाटक के मंचन से लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, सिविल जज नेहा कय्यूम, प्रतीक्षा केसरवानी, अकरम अली सचिव सेवा प्राधिकरण, नगर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम, श्रीमती सुषमा रावत जिलाध्यक्ष भाजपा, विनोद नेगी जिलाध्यक्ष कांग्रेस, अपर पुलिस अधीक्षक संचार अनूप काला, क्षेत्राधिकारी कोटद्वार विभव सैनी, क्षेत्राधिकारी श्रीनगर आरके चमोली आदि मौजूद रहे।

## अंक सुधार परीक्षा के लिए 20 तक करें आवेदन

**कोटद्वार** : राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी के सत्र 2018-21 सेमेस्टर प्रणाली एवं सत्र 2019-22 वार्षिक प्रणाली के ऐसे छात्र-छात्रा, जो अंक सुधार परीक्षा, आन्तरिक परीक्षा व प्रयोगात्मक परीक्षा में अनुतीर्ण या अनुपस्थित रहे हों, के लिए अंक सुधार परीक्षा में आवेदन के लिए श्रीदेव सुमन विवि द्वारा 20 सितंबर तक आवेदन करने का मौका दिया गया है। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय कुमार अग्रवाल व परीक्षा प्रभारी डा. संदीप कुमार ने इच्छुक छात्र-छात्राओं से निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करने की अपील की है।

## अधिवक्ता आज रहेगें न्यायिक कार्यों से विरत

**पौड़ी** : जिला अधिवक्ता संघ ने उत्तर प्रदेश के हापुड़ में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं के उत्पीड़न की घटना पर आक्रोश जताया है। संघ ने शुक्रवार को न्यायिक कार्यो से विरत रहने का निर्णय लिया है। संघ के सहायक निर्वाचन अधिकारी जयकिशन थपलियाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के हापुड़ में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं के उत्पीड़न की घटना से सभी अधिवक्ताओं में आक्रोश बना हुआ है। कहा कि शुक्रवार को पौड़ी में सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे।

## एनसीसी के लिए 141 छात्र-छात्राओं का हुआ चयन

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि में एनसीसी भर्ती के लिए छात्र-छात्राओं की शारीरिक और लिखित परीक्षा आयोजित की गई। चौरास परिसर स्थित खेल मैदान में हुई एनसीसी भर्ती प्रक्रिया में छात्र-छात्राओं ने सर्टीफिकेट-बी और सर्टीफिकेट-सी के लिए शारीरिक और लिखित परीक्षा दी। गढ़वाल विवि की एनसीसी अधिकारी डा. हिमशिखा गुसांई ने बताया कि बुधवार को शारीरिक और लिखित परीक्षा में 250 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें से 141 छात्र-छात्राओं का इनरोलमेंट हुआ है। सीनियर डिवीजन में 50 लड़के और 64 लड़कियों और सर्टीफिकेट सी के लिए 37 छात्रों का इनरोलमेंट किया गया है। इस मौके पर सुबेदार बलवंत सिंह, मनवीर, सुरेंद्र, सीनियर अंडर ऑफिसर आयुष भंडारी, निकिता कोहली, सिमरन आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## महिला समूहों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**श्रीनगर गढ़वाल** : नगर निगम सभागार में दीनदयाल अंत्योदय योजना शहरी के अंतर्गत गठित महिला स्वयं सहायता समूहों की बैठक नगर आयुक्त/एसडीएम नुपुर वर्मा द्वारा ली गई। बैठक में महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने कहा कि वर्तमान में उनके द्वार कपड़े के बैग, मॉस्क, चप्पल, जूस, अचार, जेम, जेली, सिलाई, बुनाई एवं गाय के गोवर से दीये, धूपबत्ती व अगर बत्ती आदि बनाने का कार्य किया जा रहा है। महिलाओं ने कहा कि उन्हें बेकरी बिस्कुट, फिनायल, जूट की रस्सी, पायदान आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया जाए। नगर आयुक्त वर्मा ने कहा स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण दिलाए जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त रवि राज बंगारी, भागीरथी स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष शांति भट्ट, अनीता नौटियाल, रश्मि भट्ट, कौशल्य गुनसोला, पूजा भट्ट, पिंकी नेगी, जसदेश्वरी देवी, आशा नेगी, प्रभा बिष्ट, सरला पंवार, रीना देवी, सुनीता पंवार, उर्मिला बिष्ट, रेखा पंवार, प्रिया नैथानी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## जन्माष्टमी पर बेसहारा गायों को खिलाया गुड़, आटा

**श्रीनगर गढ़वाल** : गो सेवा संवर्धन समिति श्रीनगर की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर गो ग्रास भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर उफल्डा से लेकर श्रीकोट तक सडकों में बेसाहरा घूम रही गायों को गुड़, चावल से बना पिंडा, आटा आदि खिलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गोला पार्क पर बतौर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी श्रीनगर नुपुर वर्मा, श्रीनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी, नगर निगम के स्वच्छता निरीक्षक शशि मोहन पंवार ने किया। उन्होंने गो संवर्धन समिति की ओर से किए जा रहे कार्यों की सराहना की। मौके पर समिति की ओर से एसडीएम का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष अनुज जोशी, हिमांशु बहुगुणा, आनंद सिंह भंडारी, सूर्य प्रकाश नौटियाल, राजेंद्र प्रसाद बडथ्वाल, अनूप घिल्डियाल, मुकेश कुकरेती, गजेंद्र प्रकाश जोशी, अर्जिता, हिमांशु, पूजा, खुसबू, स्कन्द, सूरज, आंचल, प्रकाश, मनीष, अभिराज, विष्णु, अरूण नेगी, शुभम आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# जन्माष्टमी सहभागिता, प्रेम व ज्ञान का प्रतीक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के अन्तर्गत नवयुग पब्लिक स्कूल में श्री कृष्णा जन्माष्टमी व दही हांडी उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

इस उत्सव में प्री प्राइमरी के बच्चों को राधा व कृष्णा के परिधान से सुसज्जित किया गया। बच्चों ने नृत्य, गायन इत्यादि की प्रस्तुति दी।

बच्चों को राधा-कृष्णा के परिधान में सजाने में विद्यालय के अध्यापक व अध्यापिकाओं समेत विद्यार्थियों ने सहयोग किया।

इस शुभ अवसर पर विद्यालय् की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम नेगी ने कहा कि जन्माष्टमी सहभागिता, प्रेम व ज्ञान का प्रतीक है और हम सभी को श्री कृष्ण द्वारा श्रीमदभागवत गीता मं बताए गए सन्मार्ग पर सतत चलते रहना है। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।



राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे हुए स्कूली बच्चें।

## यमकेश्वर से लापता नाबालिग रूड़की से बरामद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जनपद पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर थाना क्षेत्रान्तर्गत से लापता नाबालिग बच्ची को पुलिस ने रूड़की हरिद्वार से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुर्पद कर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत मंगलवार को यमकेश्वर के स्थानीय निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के घर से कहीं चले जाने के सम्बन्ध में यमकेश्वर थाना पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर थाना यमकेश्वर पर आईपीसी की धारा 363 तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। प्रकरण नाबालिग बच्चों की गुमशुदगी होने के कारण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा थानाध्यक्ष यमकेश्वर को टीम गठित कर गुमशुदा को सकुशल बरामद कर अभियोग का सफल निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास व सुरागरसी पतारसी कर गुमशुदा को रुड़की हरिद्वार से सकुशल बरामद कर नियमानुसार परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक कैलाश सेमवाल, महिला आरक्षी अनीता गुसांई, होमगार्ड धर्मेंद्र कुमार शामिल थे।

# कांग्रेस सरकार को लाने के लिए युवाओं को आना होगा आगे: नौटियाल

**श्रीनगर गढ़वाल** : देवप्रयाग विधानसभा के कीर्तिनगर ब्लॉक में यूथ कांग्रेस की प्रदेश सहप्रभारी नवनीत कौर के आगमन पर यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर कौर ने कहा पार्टी में युवाओं को जोड़ने के लिए पूरे देश में यूथ कांग्रेस अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत उन्होने प्रत्येक बूथ पर पांच नए यूथ जोड़ने का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस आशीष राणाकोटी ने कहा कि जिला देवप्रयाग/नरेंद्रनगर में युवाओं को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश सचिव रामलाल नौटियाल ने कहा कि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में बेरोजगारों को रोजगार देने का काम सरकार द्वारा किया गया इसलिए कांग्रेस सरकार को लाने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। सेवादल जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चंद, विधानसभा उपाध्यक्ष अभिषेक उनियाल ने कहा कि पूरी विधानसभा में युवाओं को जोड़ने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं। इस मौके पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीनाक्षी पोखरियाल, एनएसूयूआई के पूर्व गढ़वाल अध्यक्ष पंकज जोशी, दीपक बहुगुणा, अनुराग बर्थवाल, विकास चंद्र, आलोक सिंह, शिवम, उदय, नीरज, धनवीर सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## धूमधाम से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**श्रीनगर गढ़वाल** : नगर क्षेत्र के मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्म की धूम रही। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की गई व झूले लगाकर कृष्ण को झूला झुलाया गया।

बुधवार देर सांय कल्याणेश्वर धर्मशाला में राधाकृष्ण, वासुदेव, देवकी, सुदामा आदि के रूप में सजे जयदयाल अग्रवाल संस्कृत स्कूल के बच्चों ने दर्शकों का मन मोहा। सिद्धपीठ कमलेश्वर महादेव मंदिर, गणेश मंदिर, कोतवाली स्थित कृष्ण मंदिर आदि में भी धूमधाम से पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने देर रात्रि 12 बजे तक मंदिरों में कीर्तन भजन किए और आतिशबाजी भी की। नेशनल मेडिकोस आर्गेनाइजेशन (एनएमओ) के बैनर तहत जन्माष्टमी का त्योहार मेडिकल कालेज श्रीनगर में भी धूमधाम से मनाया गया। मौके पर शिक्षकों व छात्रों ने भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर मेडिकल कालेज के प्रचार्य डा. सीएमएस रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## कार्यशाला में जल की गुणवत्ता के बारे में बताया

**पौड़ी** : राजकीय महाविद्यालय थलीसैंण में विज्ञान एवं जल की गुणवत्ता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को जल की गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी गई।

महाविद्यालय में कैरियर काउंसिलिंग सेल, आईक्यूएसी व उत्तराखड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (यूसर्क), देहरादून के संयुक्त तत्वाधान में कार्यशाला की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. जेसी भट्ट ने की। इस दौरान यूसर्क के वैज्ञानिक डॉ. भवतोष शर्मा ने जल की गुणावत्ता के बारे में बताया। साथ ही एचपीसीएल के कार्यप्रणाली और उसके सिद्धांतों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। छात्रों द्वारा जल की गुणावक्ता की टेस्टिंग की गई, जिसमें जल का पीएच मान, टीडीएस व आयरन तत्वों की जांच के बारे में बताया। डॉ. धर्मेंद्र यादव ने पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलन के लिए जल, जंगल, जमीन, जनमानस और जन सहभागिता पर जोर दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. दुदुन मेहता, डॉ. सुधीर सिंह रावत, डॉ. नीरज असवाल, डॉ. विवेक रावत, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. विक्रम रौतेला, डॉ. मीनू बुटोला, डॉ. शिवानी धूलिया, डॉ. अजय कुमार, डॉ. गिरीश चंद्र आर्य, डॉ. विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## विधानसभा में मुद्दा उठाने पर जताया आभार

हरिद्वार। विधानसभा सत्र के दौरान हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने जिले में वन गुर्जर और टिहरी विस्थापितों को आवंटित भूमि का भूमिधरी अधिकार घोषित किए जाने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने उनका आभार जताया। विधानसभा में विधायक ने कहा कि 2002 मे एक विशेष योजना के अंतर्गत विस्थापित परिवारों को सरकार नजरअंदाज कर रही है। भूमिधरी अधिकार न मिलने के चलते लगभग 1500 परिवारों को सड़क, बिजली, सामाजिक पेंशन, आवास योजना, कृषि योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा।

## ट्रैक्टर खरीद पर किसान सरकार की योजना का लाभ उठाएं: पूर्व मंत्री

हरिद्वार। गांव कुन्हारी में एक कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि किसानों के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। योजनाओं की जानकारी लेकर उसका लाभ उठाना चाहिए। सरकार हमेशा किसानों के साथ खड़ी है। इस दौरान अकरम अली, शुभम सैनी, प्रधान प्रतिनिधि सजिद अली, जाफिर अली, संजय, सोहनवीर, जितेंद्र कश्यप, मोहब्बत अली, हारून अंसारी, हाजी बूंद हसन, पवन राठौर, भूरा पहलवान, देशराम, शमशाद, दिलशाद, रामकुमार, मनोज, राहुल तोमर, सुमित राठी आदि मौजूद रहे।

## पीठ बाजार में आए युवक की बाइक चोरी

हरिद्वार। साप्ताहिक बाजार से एक युवक की बाइक चोरी हो गई। काशीपुरा हरिद्वार निवासी विशाल ने शिकायत कर बताया था कि पांच सितंबर की शाम को भेल सेक्टर एक स्थित पीठ बाजार में सामान की खरीदारी करने आए थे। बाइक खड़ी कर सामान लेने चला गया, वापस आकर देखा तो बाइक गायब थी। रानीपुर इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह बिष्ट ने दावा किया कि जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## जो सनातन का काज करेगा वही भारत में राज करेगा: श्रीमहंत रविंद्रपुरी

हरिद्वार। मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत में सनातन धर्म परंपरा, भारतीय संस्कृति और सभ्यता विश्व प्रसिद्ध रही है। कहा कि जो सनातन का काज करेगा वही 2024 में देश में राज करेगा। कहा कि यात्रा में शामिल संत देश भर में कई विषयों को लेकर भ्रमण करेंगे।

# पनिउडियार में सीवर लाईन की अनियमितताओं का अविलम्ब निस्तारण करे विभागः सभासद अमित साह



अल्मोड़ा। लक्ष्मेश्वर वार्ड के सभासद अमित साह मोनू ने नगरपालिका के कनिष्ठ अभियन्ता दीपक मटियाली के साथ पनिउडियार में पड़ चुकी सीवर लाईन का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि सम्बन्धित विभाग द्वारा कार्य को सही ढंग से नहीं किया गया है। जरूरत के स्थानों पर चैम्बर निर्माण नहीं किया गया है। इसके बाद उनके द्वारा सम्बन्धित विभाग जल निगम के कनिष्ठ अभियन्ता दीपक जोशी को मौके पर बुलाया गया तथा उक्त सड़क में बनी सीवर लाईन की अनियमितताएं दिखाई गयी। दीपक जोशी के द्वारा मौके पर बताया गया कि 10 सितम्बर को सम्बन्धित ठेकेदार के आने पर अवशेष कार्य पूरा कर दिया जाएगा। नगर पालिका के कनिष्ठ अभियन्ता ने बताया कि सीवर लाईन के चैम्बर ना बनने से नगरपालिका द्वारा किया जा रहा रास्ते का कार्य भी बाधित हो रहा है। सभासद अमित साह ने कहा कि यदि ऐसे में नगरपालिका रास्ते का निर्माण करती है तो भविष्य में सीवर चैम्बर बनने से जनता के रूपयों का नुक़सान होगा जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

## यूथ कांग्रेसियों ने दुकान खोलकर बांटा मोहब्बत का शरबत

हल्द्वानी। हल्द्वानी युवा कांग्रेस ने गुरुवार को भारत जोड़ो यात्रा का एक साल पूरा होने पर तिकोनिया चौराहे में मोहब्बत की दुकान लगाकर शरबत वितरित किया। कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की तरह राहुल गांधी और कांग्रेस आगे भी मोहब्बत फैलाती रहेगी। पूर्व प्रदेश महासचिव प्रदीप नेगी ने कहा राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से शुरू की अपनी यात्रा के दौरान 145 दिनों में 14 राज्यों में गरीब, किसान, मजदूर, बेरोजगार युवाओं के बीच पहुंचकर नफरत के बाजार में मोहब्बत की जो दुकान खोलने का काम किया। प्रदेश महासचिव राधा आर्य ने कहा कि 2024 में नफरत हारेगी और मोहब्बत की जीत होगी।



## पुस्तकालय में प्रतियोगी किताबें भेंट की

पिथौरागढ़। नगर के पुलिस लाइन स्थित पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं की मदद को एक व्यक्ति ने किताबें भेंट की। गुरुवार को स्थानीय निवासी चंद्रशेखर पुत्र दीवान सिंह ने स्वंय के संसाधनों से प्रतियोगी परीक्षाओं जुटाकर पुस्तकालय को भेंट की। उन्होंने भविष्य में भी मदद का भरोसा दिया है। प्रतिसार निरीक्षक नरेन्द्र आर्या ने चन्द्रशेखर का आभार जताया है।

# रेरा के विरोध में किसान निकालेंगे आज रैली

हल्द्वानी। रेरा के खिलाफ किसान आज (शुक्रवार) को हल और फावड़े के साथ शहर में रैली निकालेंगे। रैली बुद्धपार्क में सभा के बाद सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय तक जाएगी। इसकी तैयारी को गुरुवार को ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता व हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। भूमि खरीद व बिक्री को लागू किए रेरा के नियमों का किसान विरोध कर रहे हैं। इसके लिए गांवों में जागरूकता व हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को भी युवा किसान संघर्ष समिति की दो टीमों ने रामपुर रोड, बरेली रोड, लामाचौड़, कटघरिया, कुसुमखेड़ा, बमौरी, बिठौरिया, गौलापार क्षेत्र के गांवों में अभियान चलाकर रैली के लिए समर्थन मांगा। वक्ताओं ने कहा, जब तक किसानों का उत्पीड़न बंद नहीं किया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। उनके आंदोलन को समाज का हर तबका अपना समर्थन दे रहा है। कहा, प्रशासन व प्राधिकरण के दोहरे नियमों के चलते किसान परेशान हैं। आरोप लगाया कि प्रशासन व प्राधिकरण रोज नए नियम लागू कर रहा है। जिससे किसानों की भूमि हड़पने की साजिश की जा रही है। ट्विन सिटी के लिए निजी निवेशकों को मुफ्त भूमि देने को रेरा लागू किया जा रहा है। किसानों की भूमि छीनने की साजिश किसी भी कीमत पर पूरी नहीं होने दी जाएगी। कहा, षड्यंत्र के खिलाफ आज किसान अपने प्रतीक हल व फावड़े के साथ रैली निकालने जा रहे हैं। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस दौरान ललित जोशी, बलजीत सिंह, अजमेर सिंह, नरेंद्र सिंह, हरीश मेहरा, संजय किरौला, हिमांशु बिष्ट, जया कर्नाटक, शोभा बिष्ट, हर्षित भट्ट, प्रदीप नेगी मौजूद रहे।

## पुलिस ने दो वारंटियों को पकड़ा

पिथौरागढ़। न्यायालय से गैर जमानतीय दो वारंटियों को पुलिस ने पकड़ा है। नगर में एसआई बसंत पंत के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान भादवि की धारा 379,411 के तहत पंजीकृत वारंटी दिग्तोली निवासी धीरज कुमार को केएमओयू स्टेशन के समीप से पकड़ा।

## मतगणना कर्मियों को द्वितीय रेंडामाइजेशन

बागेश्वर। सामान्य प्रेक्षक राजेश कुमार की उपस्थिति में मतगणना कार्मिकों व आब्जर्वरों का द्वितीय रेंडमाइजेशन एनआईसी कक्ष में किया गया। रेंडमाइजेशन में मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक, मतगणना आब्जर्वर के लिए 60 कार्मिकों तथा पोस्टल बैलेट मतगणना हेतु 47 व ईटीपीबीएस गणना के लिए 23 कार्मिकों कुल 130 कार्मिकों का रेंडमाइजेशन किया गया। अंतिम रेंडमाइजेशन शुक्रवार की सुबह बजे मतगणना से पूर्व किया जाएगा, जिसमें कार्मिकों को उनकी टेबल आवंटित होगी।

# श्री रामलीला कमेटी धौलछीना की बैठक संपन्न, 16 सितंबर से शुरू होगी तालीम

अल्मोड़ा। श्री रामलीला कमेटी धौलछीना की बैठक बीआरसी सभागार धौलछीना में संपन्न हुई। बैठक में शारदीय नवरात्र के बाद रामलीला मंचन करने तथा इसे और भव्य बनाने पर चर्चा की गई। धौलछीना की कुमाउंनी ऐतिहासिक रामलीला की तैयारी शुरू हो गई है। बीआरसी सभागार में रामलीला कमेटी के वरिष्ठ संरक्षक जमन सिंह मेहरा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई प्रस्ताव पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने पिछले वर्ष की कार्यकारिणी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए सर्वसम्मति से इस वर्ष भी पुरानी कार्यकारिणी को यथावत रखने का निर्णय लिया। कमेटी में चंद्र सिंह मेहरा को अध्यक्ष, प्रकाश वर्मा को उपाध्यक्ष, दरवान सिंह रावत को प्रबंधक/व्यवस्थापक, प्रताप सिंह जीना को कोषाध्यक्ष, राजेंद्र बोरा को सचिव, नारायण सिंह मेहरा को सुरक्षा व्यवस्थापक, कुंदन मेहरा को उप सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। उमेद सिंह मनराल को निर्देशन की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में 16 सितंबर से रामलीला की तालीम तथा शारदीय नवरात्रि के बाद 26 अक्टूबर को विशाल कलश यात्रा के साथ रामलीला की शुरुआत किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में इस वर्ष आसपास के स्कूलों के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी रामलीला महोत्सव में शामिल करने का निर्णय लिया। बैठक में जमन सिंह मेहरा, चंद्र सिंह मेहरा, आनंद सिंह रावत, विनोद मेहरा, प्रताप जीना, दान सिंह नेगी, दीवान सिंह मेहता, दीवान सिंह बिष्ट, रणजीत सिंह, दीवान सिंह राणा आदि ने विचार रखे। बैठक में कई ग्राम प्रधान व कर्मचारियों ने पूर्ण सहयोग देने की बात कही। बैठक के दौरान अशोक बोरा, हुकम सिंह, ललित लोहानी आदि लोग मौजूद रहे।

## 'जिन लाहौर नहीं वेख्या ओ जनम्याई नई' नाटक का मंचन किया

नैनीताल। ऑल सेंट्स कॉलेज में गुरुवार को स्पीक मैके के तत्वाधान में नाटक 'जिन लाहौर नहीं वेख्या ओ जनम्याई नई' का मंचन किया गया। छत्तीसगढ़ से पहुंची टीम के प्रदर्शन को छात्राओं एवं अभिभावकों ने खूब सराहा। प्रधानाचार्य किरन जरमाया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# देश की राजनीति में निर्णायक बनी भारत जोड़ो यात्राः रावत

हल्द्वानी। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर यहां पार्टी कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान यात्रा में शामिल हुए कार्यकर्ताओं ने यात्रा की सफलता पर अपने अनुभवों को भी साझा किया।

गुरुवार को पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने भारत जोड़ो यात्रा को भारतीय राजनीति में निर्णायक करार देते हुए कहा कि यात्रा ने देश की राजनीति की मुख्यधारा में प्रभावी बदलाव लाने का काम किया है। यात्रा के परिणामस्वरूप हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को आशातीत सफलता हासिल हुई है। रावत ने राज्य में अतिक्रमण के नाम पर लोगों को उजाड़े जाने पर भी प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। कहा कि लोगों को रोजगार देने में विफल हो चुकी सरकार अब उनके आशिंक रोजगार भी छीनने पर आमादा है। गोष्ठी में चेयरमैन मो. अकरम, नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, महेंद्र आर्य, नवीन सनवाल, महिपाल चौधरी, सुरेंद्र नेगी, वीरेन्द्र लटवाल, प्रताप सिंह रौतेला आदि मौजूद रहे।

# पं. जीबी पंत जयंती कार्यक्रमों में पूर्व सांसद इला पंत भी होंगी शामिल

हल्द्वानी। भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 136वीं जयंती 10 सितंबर को नगर में धूमधाम से मनाई जाएगी। पंत जयंती कार्यक्रमों में इस बार पं. गोविंद बल्लभ पंत की बहू, पूर्व सांसद इला पंत भी पहली बार कुमाऊं मंडल के कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। जानकारी देते हुए पंत जयंती समारोह के मुख्य संयोजक गोपाल सिंह रावत ने बताया कि जयंती कार्यक्रम में पूर्व सांसद और पं. गोविंद बल्लभ पंत जयंती समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष इला पंत कुमाऊं मंडल में होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होंगी। उनके साथ पूर्व रक्षा मंत्री केसी पंत व इला पंत के पुत्र सुनील पंत भी कार्यक्रमों में भाग लेने आएंगे। गोपाल रावत ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष इला पंत इस मौके पर अल्मोड़ा के कोसी कटारमल स्थित जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की मूर्ति का अनावरण करेंगी। नैनीताल और अन्य जगहों आयोजित जयंती कार्यक्रमों में भी शामिल होने का उनका कार्यक्रम है। संयोजक रावत ने बताया कि पंत जयंती कार्यक्रमों को लेकर दिल्ली से आये एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात कर कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों पर चर्चा की।

## आरोपी को पकड़ा

पिथौरागढ़।नगर के न्यू बजेटी क्षेत्र में बकरी चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है। कोतवाल चंचल शर्मा ने बताया कि बीते रोज पुष्कर लाल, कमला देवी ने कोतवाली में तहरीर दी कि उनकी एक बकरी किसी ने चोरी कर ली।

## विधायक कैड़ा ने किया डामरीकरण का शिलान्यास

हल्द्वानी। ओखलकांडा ब्लॉक के चमोली से टीमर बड़ौन मार्ग पर डामरीकरण कार्य का गुरुवार को विधायक राम सिंह कैड़ा ने किया शिलान्यास।

उन्होंने बताया लंबे समय से मार्ग क्षतिग्रस्त चल रहा था। इसके चलते ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। पूर्व में लोनिवि ने डीपीआर तैयार कर शासन को भेजने के बाद एक करोड़ 48 लाख की स्वीकृति मिल गई है। गुरुवार को डामरीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस दौरान जिपं सदस्य जितेंद्र चिलवाल, कुंदन सिंह, भुवन भट्ट रहे।

# हिमालय के संरक्षण को सभी वर्ग आगे आए

हल्द्वानी। हिमालय के संरक्षण को लेकर रामनगर के व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता, फड, ठेला आदि के लोग आगे आए। उन्होंने हिमालय के संरक्षण को प्रतीक्षा लेकर सभी लोगों से पॉलीथिन का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की। गुरुवार को लखनपुर में व्यापारी व अन्य संगठन के लोगों ने कहा कि प्राकृतक से लगातार खिलवाड़ होने से इसका असर हिमालय पर पड़ रहा है। हिमालय का संरक्षण होगा तभी लोगों के हित भी बचे रहेंगे। व्यापार मंडल के संरक्षण मनमोहन अग्रवाल ने शपथ दिलाकर सभी लोगों को हिमालय के लिए आगे आकर अपनी भूमिका अदा करने की अपील की। इस मौके पर राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी, फड़ एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय पाल, नवीन चंद पांडे, मोबीन खान, चन्द्र शेखर जोशी, संजय सजवाण, शहजाद, मतलूव खान, नजाकत, शराफत, पंकज अग्रवाल, समाजवादी लोकमंच के संयोजक मुनीश कुमार आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय एकता पर्व के लिए सुमेधा उपाध्याय का हुआ चयन



चम्पावत। बनबसा–सेना छावनी स्थित केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक में बारहवीं कक्षा की छात्रा सुमेधा उपाध्याय का चयन केवि संगठन की प्रतियोगिता एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत राष्ट्रीय एकता पर्व के लिए हुआ है। सुमेधा उपाध्याय वर्तमान में चम्पावत से बाल विधायका भी हैं ओर विद्यालय की कप्तान भी हैं।वह 31 अक्तूबर को कोलकाता में प्रस्तावित संगठन की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एकल अभिनय में उत्तराखंड संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। देहरादून के बीरपुर स्थित केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित संभागीय स्तरीय राष्ट्रीय एकता पर्व में सुमेधा जीती थीं। प्रतियोगिता में उन्होंने तिलु रौतेला के पात्र का सोलो अभिनय किया था। सुमेधा के पिता दीपक उपाध्याय शिक्षक हैं। माता सरोज उपाध्याय व्यावसायिक है। इनके चयन पर प्राचार्य चंदन सिंह पिलख्वाल,आर एन रामसर,अंजली राणा,मनीषा बालियान, चैयरमेन रेनु अग्रवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष परमजीत सिंह, अभिषेक गोयल,भरत सिंह भंडारी, विमला सजवान, बहादुर सिंह पाटनी,जिला पंचायत सदस्य पुष्कर कापड़ी, कमलेश भट्ट, बलवीर सिंह प्रजापति आदि ने खुशी जताई।

## प्रधानाचार्य विहिन जीजीआईसी काकड़ में प्रवक्ताओं की मांग उठी

चम्पावत। विकास खंड बाराकोट के जीजीआईसी काकड़ में प्रधानाचार्य सहित सात प्रवक्ताओं के पद न भरने पर क्षेत्र के लोगों ने गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द से जीजीआईसी में रिक्त पदों को न भरा गया तो लोग सड़कों में उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। जेष्ठ प्रमुख बाराकोट नंदा बल्लभ बगौली, ग्राम प्रधान पूजा अधिकारी, प्रकाश सिंह अधिकारी, राजेन्द्र प्रसाद, प्रहलाद सिंह, शिवराज सिंह अधिकारी आदि ने बताया कि जीजीआईसी काकड़ में कई वर्षों से प्रधानाचार्य सहित हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, राजनीतिक विज्ञान और अंग्रेजी के प्रवक्ताओं के पद रिक्त चल रहे हैं। कई बार शिक्षा विभाग से मांग के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

# पूर्व सैनिकों ने कहा हम बचाएंगे हिमालय



चम्पावत। गौरव सैनानी कल्याण समिति पूर्व सैनिक संगठन के पूर्व सैनिकों ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ ली। अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद ने 79 पूर्व सैनिकों को हिमालय बचाओ अभियान की शपथ दिलाई। इस मौके पर कैप्टन भानी चंद ने कहा कि हिमालय पर्वत के साथ किसी भी प्रकार की छेड़खानी ना की जाए प्रकृति के नियमों का पालन किया जाए।

हमारे जल जंगल का जरूरत से ज्यादा दोहन किया गया तो पर्यावरण अपने आप ही दूषित हो जाएगा और इसका नुकसान पूरे मानव जाति को भुगतना पड़ेगा। यहां कैप्टन अमर सिंह मेहरा, हरीश चंद्र कापड़ी, गणेश पाल, प्रेम चंद, गोविंद प्रसाद, मोहन चंद, कृष्णनंदन बैज, पुष्कर दत्त कापड़ी, शंकर चंद, मोहन चंद आदि थे।

# विहिप ने नगर में निकाली बाइक रैली




बागेश्वर। विश्व हिंदू परिषद ने स्थापना दिवस पर शहर में बाइक रैली निकाली। वह भागीरथी से नुमाइशखेत, त्यूनरा, बिलौना, तहसील, स्टेशन, पिंडारी रोड तक गए। जिलाध्यक्ष कैलाश गढ़िया ने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विहिंप की स्थापना हुई थी। जिलाध्यक्ष गढ़िया ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना 1964 को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सदाशिव गोलवलकर केशवराम, काशीराम शास्त्री, स्वामी चिन्मयानंद ने की थी। संगठन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर हिंदू धर्म की रक्षा करना और समाज की सेवा करना है। बताया कि देशभर में एक लाख से अधिक एकल विद्यालय संचालित हैं। संगठन का उद्देश्य भारत को हिंदू संगठन बनाना है। बजरंग दल, हिंदू युवा वाहिनी, दुर्गा वाहिनी कई नामों से संगठन का जनाधार बढ़ रहा है।

# जमीन की कमी बन रही पावर स्टेशन निर्माण में बाधा

चम्पावत। चम्पावत में तीन पावर स्टेशन बनाने की योजना परवान नहीं चढ़ पा रही है। रीठासाहिब, अमोड़ी और पुल्ला में पावर स्टेशन प्रस्तावित किए गए हैं। लेकिन तीनों स्थानों में जमीन की कमी पावर स्टेशन के निर्माण में बाधा बन रही है। चम्पावत जिले के रीठासाहिब, अमोड़ी और पुल्ला में पावर स्टेशन के लिए जमीन की तलाश पूरी नही हो सकी है। तीनों स्थानों पर ऊर्जा निगम जमीन की तलाश के लिए कई बार प्रयास किया, लेकिन हर बार निराशा हाथा लगी।

पुल्ला के खेतसारी और रीठासाहिब के चौड़ामेहता में देखी गई जमीन तकनीकी कारणों से खारिज हो गई है। एक पावर स्टेशन के लिए यूपीसीएल को 15 नाली जमीन की जरूरत है। हर पावर स्टेशन की क्षमता तीन–तीन एमवीए निर्धारित की गई है। प्रत्येक पावर स्टेशन में तीन–तीन फीडर बनाए जाने हैं। पावर स्टेशन बनाए जाने से लो वोल्टेज से निजात मिल सकेगी। इसके अलावा शटडाउन के दौरान बड़े इलाकों में की जाने वाली बिजली कटौती की समस्या से भी निजात मिल सकेगी। लेकिन जमीन नहीं मिलने से 30 हजार से अधिक की आबादी लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रही है।

**सात पावर स्टेशन से होती है बिजली आपूर्ति**

चम्पावत। वर्तमान में जिले में वर्तमान में सात पावर स्टेशन से बिजली आपूर्ति की जाती है। जिले भर में चम्पावत, बाराकोट, लोहाघाट, देवीधुरा, खेतीखान, बनबसा और टनकपुर में पावर स्टेशन शामिल हैं।

# युवा कांग्रेसियों ने बांटा शर्बत



काशीपुर। युवा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा महाराणा प्रताप पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाई गई भारत जोड़ो यात्रा का एक वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के द्वारा मीठा शरबत वितरण किया। इस मौके पर प्रभात साहनी, चेतन अरोरा, विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस वसीम अकरम, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष लवदीप सिंह, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सारिम सैफी चेतन अरोरा ,प्रभात साहनी ,राहुल रमनदीप कंबोज ,मोहम्मद शकील, वसीम अकरम ,जफर मुन्ना ,अनीस अंसारी ,एनएसयूआई जिला अध्यक्ष लवदीप सिंह, सारिम सैफी,अजहर कसार, रिजवान चौधरी, गुल्लू माहिगीर, अनश खान, मोहम्मद सुलेमान आकाश कुमार, तुषार गुप्ता, जीशान मलिक सतीश तिवारी ,फईम चौधरी ,अमन रंधावा, सतनाम सिंह आदि तमाम युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने यमुना घाट, हरिपुर एवं जमुना कृष्ण धाम (मंदिर) निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को कालसी, देहरादून स्थित रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए यमुना नदी के तट पर हरिपुर (कालसी) में स्नान घाट/ यमुना घाट के निर्माण कार्य एवं लोक पंचायत द्वारा प्रस्तावित जमुना कृष्ण धाम (मंदिर) का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने जौनसार बावर के बॉलीवुड सिंगर अभिनव चौहान के भजन "हरिपुर में आनंद सजेगा" का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जन्माष्टमी के पावन पर्व के अवसर पर हरिपुर क्षेत्र के नव निर्माण का कार्य एक शुभ संकेत है। यह कार्य पौराणिक मान्यताओं को पुनर्जीवित करने एवं आध्यात्मिक, सनातन संस्कृति के नए अध्याय को लिखने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि हरिपुर क्षेत्र एक बड़ा तीर्थ स्थल हुआ करता था, यह क्षेत्र चार धाम यात्रा का भी एक महत्वपूर्ण स्थल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिपुर क्षेत्र में यमुना के तट को विकसित कर एक नए तीर्थ स्थल के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। यह क्षेत्र हरिद्वार ऋषिकेश के भांति विश्व विख्यात हो इसके लिए राज्य सरकार हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि मां यमुना के आशीर्वाद से भव्य घाट निर्माण का संकल्प पूरा होगा। धार्मिक एवं पौराणिक मान्यताओं का हरिपुर स्थल सभी प्रदेश एवं देशवासियों की आस्था का केंद्र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने हरिपुर धाम के यश को पुनर्स्थापित करने का जो संकल्प लिया है उसे शीघ्र ही सिद्धि तक पहुंचाएगी। मां यमुना का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। कहा कि हरिपुर के एक नए धार्मिक स्थल के रूप में विकसित होने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। भविष्य में इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में यात्री एवं पर्यटक आएंगे। आज जौनसार बाबर का क्षेत्र जो फलों सब्जियों के उत्पादन के लिए जाना जाता है आने वाले समय में वह हरिपुर के लिए भी जाना जाएगा। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष मीता सिंह, मूरत राम शर्मा, नवीन ठाकुर, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, वी.सी एमडीडीए बंशीधर तिवारी, के.एस चौहान एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## हरबर्टपुर से यमुनोत्री तक सड़क चौड़ीकरण को मिली केंद्र से सैद्धांतिक सहमति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हरिपुर क्षेत्र यमुना, टोंस, नौरा और अमलवा के महासंगम का पवित्र स्थान है। इस स्थान में पूर्व की भांति ही यमुना जी की दिव्य व भव्य आरती का भी आयोजन नियमित रूप से होगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में आने वाले लोग यहां की लोक संस्कृति के साथ हमारे आदर सम्मान को भी अपने साथ ले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार निरंतर विकास के पद पर अग्रसर है उत्तराखंड के प्रमुख धामों को सड़कों से जोड़ा गया है। हरबर्टपुर से यमुनोत्री तक सड़क चौड़ीकरण की भी केंद्र द्वारा सैद्धांतिक सहमति मिल चुकी है। जिसका कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा इससे विकास नगर एवं कालसी क्षेत्र से भी चार धाम यात्रा का संचालन हो सकेगा।

## हरिपुर क्षेत्र ऐतिहासिक तौर पर बेहद महत्वपूर्ण

विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि हरिपुर क्षेत्र ऐतिहासिक तौर पर बेहद महत्वपूर्ण है। यमुना तट पर घाटों के निर्माण से क्षेत्र का नाम पर्यटन के साथ ही धार्मिक स्थल के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति एवं आध्यात्म के पुनः जागरण का कार्य किया जा रहा है।

## आस्था और भक्ति के साथ मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

नई टिहरी : टिहरी के विभिन्न कस्बों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आस्था और भक्ति के साथ मनाई गई। देवप्रयाग में श्रीकृष्ण और बलराम की झांकी पूर्व के वर्षों की भांति कृष्णचौरी से निकाली शुरु हुई। तीर्थ पुरोहित समाज की ओर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झांकी की शुरुआत परंपरा अनुसार दलित महिलाओं द्वारा कृष्ण (श्रीयन) बलराम (कार्तिक) बने बालकों को टीका कर उनका आशीर्वाद लेने से हुई। नगर के टिहरी और पौड़ी जिला स्थित सभी बाजारो से ढोल मंजीरों, भजन गायन करते भक्तों की टोली संगम स्थल पर पहुंची, प्रसाद के रुप में 50 किलो घी के लड्डू, छप्पन भोग आदि श्रद्धालुओं को बांटे गए। इस से पूर्व बुधवार आधी रात चंद्र उदय के साथ श्री रघुनाथ मंदिर में श्रीकृष्ण जन्म लीला हुई।

उधर नई टिहरी के पौराणिक नागराज मंदिर में बुधवार देर रात तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन हुआ। लोक गायक रवि गुसाईं एंड पार्टी ने भगवान कृष्ण के भजनों का गायन कर भक्तों को आनंद विभोर कर दिया। लोक गायक ज्योति डोभाल, संगीता नेगी आदि ने भी भगवान श्रीकृष्ण के भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। मौके पर शांति प्रसाद भट्ट, कुलदीप पंवार,देवेन्द्र नौडियाल, दीपक चमोली, पुजारी कमल चौबे, उत्तम भट्ट, अत्रेश ध्यानी, शशिपंच भैया, सुरेश मिश्रा, राहुल कोटियाल, आशीष भट्ट, गगन कोटियाल, विनोद जोशी, निकिता भट्ट आदि शामिल थे। (एजेंसी)

## हर्षोल्लास से मनाई गई जन्माष्टमी

चमोली : गैरसैंण में श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मंदिरों को विशेषरूप से सजाया गया और राधा-कृष्ण की सुंदर झांकियां पेश की गईं। गैरसैंण के राधा-कृष्ण मंदिर में रात बारह बजे श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर भजन कीर्तन के बाद विशेष भंडारे का भी आयोजन हुया। माईथान में भी पांच दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी महा कौथिग भी संपन्न हो गया। बीना तथा कुलागाड़ नामक स्थान पर दो दिवसीय पाती मेला भी संपन्न हो गया। जिसमें बड़ी संख्या में मेलार्थियों ने प्रतिभाग किया। (एजेंसी)

## अंतरमन ने बच्चों संग मनाया जन्माष्टमी का त्यौहार



देहरादून। राजधानी देहरादून में गुरूवार को कृष्णजन्माष्टमी की धूम रही, पूरे शहर के मंदिरों को भव्य रूप में सजाया गया था। कही भगवान कृष्ण की बाल लीला तो कही भगवान कृष्ण के कई रूपों को दर्शाते हुए झांकियां बनायी गयी थी। इसी कड़ी में अंतरमन परिवार में आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया ।

अंतरमन परिवार के बच्चों के द्वारा सुंदर नृत्य एवम झांकियां प्रस्तुत की गई। इन बच्चों की प्रस्तुतियों को देखकर ऐसा लग रहा था मानो हम सचमुच भगवान कृष्ण के बाल्यकाल में पहुंच गये। भगवान के कृष्ण के रूप में नन्हें मुन्ने बच्चों ने पूरे माहोल को भक्तिमय बना दिया। बीच शिक्षकों ने बच्चों को श्री कृष्ण भगवान की बाल लीलाओं की कहानियां सुनाई और उनके जीवनकाल के विषय में बताया कि किस तरह से भगवान कृष्ण ने राक्षसों का नाश कर धर्म की रक्षा की। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को प्रसाद स्वरूप फल और मिठाई वितरण की गई। इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्य सुषमा बछेती, बंदना काला, प्रभावती, नीलम, आरती, रेखा उपस्थित रहे ।

## अतिक्रमण हटाने गयी नगर निगम की टीम का विरोध

हरिद्वार। ज्वालापुर में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। जिसके बाद नगर निगम की टीम बिना कार्रवाई के ही वापस आ गयी। जिसका विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जबकि विडियो कुछ दिन पुराना बताया जा रहा है। नगर निगम को ज्वालापुर में अतिक्रमण की शिकायत मिली थी। जिसके बाद नगर निगम की टीम ने जेई जगदीश प्यारेलाल के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने मौके पर पहुंची। लेकिन अतिक्रमण करने वाले परिवार के सदस्यों ने नगर निगम की टीम को कार्रवाई नहीं करने दी। इतना ही नहीं मौके पर मौजूद जेई के साथ अभद्र व्यवहार भी किया।

## रुड़की को हराभरा करने में जुटी भगत सिंह ब्रिगेड



रुड़की। शहीद भगत सिंह ब्रिगेड वेलफेयर सोसायटी जगह–जगह पौधरोपण कर शहर को हरा–भरा करने के प्रयास में जुटी है। इसी अभियान के तहत सोसायटी पिछले छह साल में 1200 से ज्यादा पौधे लगा चुकी है। सोसायटी के अध्यक्ष दवा कारोबारी गौरव कुमार ने बताया कि उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर वर्ष 2017 में इसकी शुरुआत की। बताया कि जीआईसी परिसर, प्राइमरी स्कूल संख्या 11, सड़कों के डिवाइडरों पर, नहर किनारे, सोलानी पार्क और आसफ नगर झाल के सोसायटी की ओर से लगाए गए तमाम पौधे लहलहा रहे हैं।

## भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ महानगर कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा

हरिद्वार। भारत जोड़ो यात्रा के एक साल पूरा होने पर महानगर कांग्रेस ने ज्वालापुर के जटवाड़ा पुल से रेल चौकी तक भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली। पीसीसी सदस्य मुरली मनोहर और महानगर कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा देश के लोगों की आवाज बनी है। र्व महासचिव वरुण बालियान और पार्षद राजीव भार्गव ने कहा कि भारत की एकता के लिए राहुल गांधी की सोच पर चलना जरूरी है।

ज्वालापुर नगर अध्यक्ष अंकित चौहान और पार्षद इसरार सलमानी ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से आम आदमी की आवाज मजबूत हुई है। पार्षद रियाज अंसारी, पार्षद प्रतिनिधि शहाबुद्दीन अंसारी, वरिष्ठ नेता इरफान अंसारी, नईम कुरैशी ने मजदूर, किसान, महिलाओं की समस्या को आवाज देने का काम किया। इस दौरान युकां जिलाध्यक्ष कैश खुराना, नितिन केश्वर, पार्षद जफर अब्बासी, पार्षद सुहैल कुरैशी, तहसीन अंसारी, तुषार कपिल, तस्लीम कुरैशी ,मेहरबान खान, मकबूल कुरैशी महावीर वशिष्ठ, रेखा गुप्ता, विमल पांडे, राकेश गुप्ता, अवधेश कुमार, सचिन पालीवाल,शुभम जोशी, यागिक वर्मा, विमल शर्मा, विकास चंद्रा,विजय प्रजापति, करन सिंह राणा, साकिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

## बेटियों को दहेज के बजाय शिक्षा दें: राजकुमार

रुड़की। कश्यप निषाद संगठन के राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह कश्यप ने कहा कि उच्च शिक्षा के बिना विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि बेटी को दहेज के बदले शिक्षा दिलाई जाए। उन्होंने भक्तोवाली में समाज की एक बैठक में यह बाते कही। कहा कि जितना भी संभव हो सके, बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाई जाए। कहा कि बेटा हो या बेटी दोनों को बराबर का अधिकार है। बेटी को दहेज के बदले शिक्षा दिलाई जाए। जो पैसा मां–बाप दहेज में लगाते हैं उसे पैसे को बच्चों की पढ़ाई में लगाएं।उन्होंने दहेज प्रथा बंद करने की भी वकालत की। कहा कि जब तक समाज के होनहार बच्चे उच्च पदों पर आसीन नहीं हो जाते, तब तक समाज का विकास संभव नहीं है। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कश्यप ने कहा कि कश्यप समाज का माला की तरह संगठित होना आवश्यक है।

## गायों को लंपी बीमारी से बचाने में जुटा पशु चिकित्सा विभाग

रुड़की। गायों में लंपी बीमारी फैलने की आशंका को देखते हुए पशु चिकित्सा विभाग की ओर से टीकाकरण अभियान तेज कर दिया गया है। जिला मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर योगेश शर्मा ने बताया कि अब तक 82, 600 से ज्यादा पशुओं को टीकाकरण कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि सभी विकासखंड क्षेत्रों में यह कार्य कराया जा रहा है।

जिले में करीब एक लाख चालीस हज़ार पशुओं का टीकाकरण होना है। उन्होंने बताया कि अभियान तेजी से जारी है। उन्होंने पशु पालकों से इस मामले में सतर्कता बरतने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लंपी बीमारी होने पर पशुओं के शरीर में गांठें बन जाती हैं।

## पहाड़ी महासभा ने हिमालय बचाओ की ली प्रतिज्ञा




हरिद्वार। पहाड़ी महासभा के पदाधिकारियों एंव कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को तरुण हिमालय परिसर में हिमालय बचाओ' अभियान के तहत हिमालय की रक्षा का संकल्प लिया।

पहाड़ी महासभा के पदाधिकारियों ने हिमालय बचाओ अभियान की सराहना की। महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि इसके लिए सभी को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी को समझते हुए कार्य करना होगा। पहाड़ी महासभा के महामंत्री इंद्र सिंह रावत ने कहा कि अर्थ शास्त्र में बताया गया है कि प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होने पर राष्ट्रीय आय में वृद्धि होती है। अर्थशास्त्र के इस नियम का पालन करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी तय करनी होगी। शिवलोक की पार्षद निशा नोडियाल और भाजपा नेत्री रश्मि चौहान ने कहा कि हिमालय बचाओ अभियान को मुहिम नहीं एक जनजागरण बनाने की आवश्यकता है। जिसके लिए सभी को आगे आना होगा। कर्मचारी नेता दिनेश लखेड़ा और व्यापारी आनंद भटट, राकेश नोडियाल ने कहा कि समाज सुधार न बनकर स्वंय सुधार बनकर हम इस मुहिम का अहम हिस्सा बन सकते हैं। इस दौरान ममता धामी,मंजू रौथाण,सौरभ कंडवाल, राकेश ममगाईं,बिशम्बर दत्त मिश्रा, थान सिंह रावत, नंन्दन सिंह रावत, महेश बिजल्वाण, प्रकाश भारद्वाज, शिवा, दीपक, मोहित, कृष्णा, राकेश रावत, सोनू कुमार, रितेश नोडियाल, शशि गोदियाल, संदीप रमोला, कमल राणा, उर्मिला ममगाईं आदि मौजूद रहे।

## धर्मनगरी में कान्हा के जन्म लेते ही जयकारों से गूंज उठे मंदिर



हरिद्वार। मध्य रात्रि में कान्हा के जन्म लेते ही आसमान आतिशबाजी की रोशनी से जगमगा उठा। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महिलाएं बधाइयां गाने लगीं। मध्य रात्रि को विभिन्न मंदिरों, और घरों में नंद के लाल की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु बेताब दिखे। झूले पर झूलते श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप का अलौकिक दर्शन पाकर भक्तजन निहाल हो गए।

जन्मोत्सव के तहत नगर के कई मंदिरों व घरों में देर रात तक भजन–कीर्तन के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।धर्मनगरी में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव दूसरे दिन भी हर्षोल्लास के मनाया गया। नगर के साथ ही ग्रामीण अंचलों में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी श्रद्धा–भाव से मनाया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए थे। मंच पर शाम को स्कूली बच्चों का कार्यक्रम और रात्रि में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उधर इस्कॉन की ओर से एक बैंक्वेट हॉल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। कान्हा के जन्म लेते ही श्रद्धालुओं ने जयघोष के साथ ही आतिशबाजी व पटाखे छूटने शुरू हो गए। मंदिरों में अपने मधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नगर के अधिकांश गली व मौहल्लों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। व्रती महिलाओं ने व्रत रखकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजन–अर्चन कर सुख–समृद्धि के लिए कामना किया, वहीं बच्चों और युवाओं ने अपने–अपने घरों में कई मनोहारी झांकियों को सजाकर भगवान का जन्मोत्सव बड़े ही उल्लास से मनाया। शहर में सजाई गई श्रीकृष्ण की लीलाओं सहित कई अन्य प्रकार की भव्य झांकियों का नजारा देखने शाम के समय दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

## 40वीं वाहिनी पीएसी में साधु संतो के सानिध्य में मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

हरिद्वार। 40वीं वाहिनी पीएसी में संतो के सानिध्य में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव में पौराणिक देवभूमि कला मंच, देव संस्कृति विश्वविद्यालय, पुलिस मॉर्डन स्कूल, वाहिनी के रिक्रूट आरक्षियों और वाहिनी परिवार के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गढ़वाली नृत्य, तीलू रौतेली नाटक का मंचन भी किया। महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या पर लोक गायक ओमप्रकाश बधानी, गायिका शकुंतला बडकोटी और संगीता गढ़वाली ने गीत, और भजनों को प्रस्तुति दी। गुरुवार को 40वीं वाहिनी पीएसी में महोत्सव के शुभारंभ पर निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी ने कहा कि जन्माष्टमी जीवन को मानवीय कष्टों पर विजय का उत्सव है। महोत्सव में कलाकारों की हौसला अफजाई की गई। इस दौरान संतों, समाज सेवियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, उद्यमियों और लोक कलाकारों सहित विभिन्न क्षेत्रों के 50 से अधिक प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

## जलभराव और गंदगी से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

रुड़की। जलभराव, गंदगी और बीमारी फैलने के डर से परेशान नंद विहार कॉलोनी के लोगों ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि उनके क्षेत्र में लंबे समय से जलभराव है। इसके चलते इस क्षेत्र में बीमारियां फैल रही हैं।

उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से तत्काल व्यवस्थाएं ठीक करने की मांग की। नंद विहार कॉलोनी समिति के अध्यख अरविंद त्यागी ने कहा कि कॉलोनी समेत आसपास की सड़कें टूटी हुई है। क्षेत्र में जलभराव है। ऐसे में, डेंगू और मलेरिया के मरीज भी इस क्षेत्र से मिल रहे हैं। बीमारी फैली तो कई लोग इसके शिकार हो जाएंगे। कॉलोनीवासी चौधरी राजेंद्र सिंह ने कहा कि कई बार नगर निगम के अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया जा चुका है। अधिकारी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो नगर निगम में बड़े स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा।

## रुड़की पहुंचे आरजे नावेद संग प्रशंसकों ने ली सेल्फ़ी



रुड़की। रुड़की बोट क्लब तिराहे के पास क्रेस्ट द मिनी फूड कोर्ट कैफे में आए आरजे नावेद को प्रशंसकों ने पहचान लिया। इसके बाद कैफे के अंदर और बाहर उनसे मिलने वाले युवाओं की भीड़ लग गई। उन्होंने किसी को निराश नहीं किया। सभी के साथ सेल्फी खिंचवाई और बातचीत की। नावेद के साथ मिलकर प्रशंसक काफी उत्साहित दिखे। इस दौरान अक्शा मलिक, एकता अग्रवाल, मुजीब मलिक, मयंक अग्रवाल, शोएब मलिक, अक्षय प्रताप सिंह, सौरभ सिंघल, गौरव चौहान, रुची हंडा आदि मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ लक्ष्मी नारायण मेला सम्पन्न

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : विकासखंड के कपीरी पट्टी के किमोली में आयोजित दो दिवसीय श्रीलक्ष्मी नारायण पर्यटन एवं सांस्कृतिक मेले का समापन गुरुवार को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। इस दौरान महिला मंगल दलों एवं स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में आयोजित दो दिवसीय मेले की शुरुआत महिलाओं ने भगवान लक्ष्मी नारायण के भजनों के साथ की। जिसके बाद ममंद खत्याड़ी, कंडारा, कुनेथ, जस्यारा, किमोली, पारतोली, ग्वाड़, कनखुल, सुख्तोली आदि ने पारंपरिक परिधानों के साथ चौंफला, चांछड़ी, झुमैलो के साथ लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दी। वहीं जीआईसी नैनीसैंण और कनखुल, जूहा जस्यारा और ग्वाड़ के साथ ही क्षेत्र के सभी प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां मेले में दी। समापन दिवस पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और बीकेटीसी के पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि मेले इस पहाड़ी प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान है। कार्यक्रम में चमोली कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी, प्रदेश महामंत्री हरिकृष्ण भट्ट, जिपंस लक्ष्मण बिष्ट, रूद्रप्रयाग के प्रदीप थपलियाल, कपीरी संघर्ष समिति के अध्यक्ष खिलदेव रावत, महेश खंडूड़ी, पुष्कर रावत, बीरेंद्र मिंगवाल, आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय कुमार, महामंत्री राकेश नेगी, महिपाल नेगी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

सम्पादकीय

# पहाड़ की हर रात एक चुनौती

पूरे देश में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है लेकिन कुछ परिवार शायद ऐसे भी होंगे जिनके लिए त्यौहार एवं खुशियों कोसों दूर होगी। उत्तराखंड का ही एक ऐसा गांव है जहां ग्रामीणों ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार ना मानने का फैसला लिया है। कारण ना तो कोई राजनीतिक है और ना ही धार्मिक बल्कि यह जुड़ा हुआ है ग्रामीणों की सुरक्षा और एक मासूम बच्चे की मृत्यु से। उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में जंगली जानवरों का आतंक ग्रामीणों के लिए हमेशा से ही एक बड़ी समस्या रहा है। आए दिन ऐसी घटनाएं सुनने को मिलती है जिनमें हिंसक जानवर मवेशियों को तो अपना शिकार बनते ही है साथ ही जंगल में चारा लेने गए इंसान या फिर घर के आंगन में खेलते बच्चों को ही उठा ले जाते हैं। भय के आगोश में जीते ग्रामीण कैसे अपनी दिनचर्या चलाते होंगे इसकी कल्पना शायद रिहायशी बस्तियों में रहने वाले कभी नहीं कर पाएंगे। कौन सा पल कब आखिरी साबित हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन जब हमला छोटे–छोटे बच्चों पर होने लगे तो इससे बड़ा दर्द भला और क्या हो सकता है। उत्तराखंड के पौड़ी जनपद में खिरसू ब्लॉक के ढिकाल गांव में एक छोटी बच्ची को गुलदार उसकी दादी के हाथ से ही छुड़ाकर ले गया। असहाय बुजुर्ग महिला कुछ नहीं कर पाई और ना ही बाघ के हमले से बच्ची को ही बचाया जा सका। गले में गहरे घाव के कारण मासूम बच्ची की मौत हो गई और पूरा गांव चौक में डूब गया। बच्ची की मृत्यु के दो दिन बाद जन्माष्टमी का पर्व था लेकिन एक बच्ची की मृत्यु के बाद आखिर गांव में कैसा त्योहार और कैसी खुशियां? शोक में डूबे गांव जन्माष्टमी नहीं बनाई और ना ही पूरे क्षेत्र में जन्माष्टमी से संबंधित कोई आयोजन हुआ। इस घटना से कुछ दिन पूर्व ही टिहरी जनपद के लंबगांव क्षेत्र में भी घर के आंगन में खेलते बच्चे को बाघ उठा कर ले गया था जिसका शव पास ही के खेत में बरामद हुआ था। उत्तराखंड का पहाड़ी क्षेत्र हिंसक जानवरों से भरा हुआ है जो ग्रामीणों के लिए एक ऐसा अभिशाप है जो कब किस रूप में उन पर टूट पड़े कुछ कहा नहीं जा सकता। इन हिंसक जानवरों के आतंक और भय के बावजूद पहाड़ों की दिनचर्या चलती रहती है क्योंकि इन हिंसक जानवरों के बीच जीना ग्रामीणों ने सीख लिया है, या फिर यह कहा जा सकता है कि उनकी विवशता बन गई है। अब सवाल यह है कि आखिर इन ग्रामीणों को हिंसक जानवरों के आतंक से मुक्ति कैसे मिले? दुर्लभ एवं संरक्षित प्रजाति होने के कारण इनके खुले शिकार की अनुमति भी नहीं है, और होनी भी नहीं चाहिए। इन विषम परिस्थितियों में आखिर ग्रामीण कैसे सुरक्षित जीवन यापन कर सके इस पर जरूर सरकार को कोई ठोस योजना बनानी चाहिए। सबसे जरूरी है कि जानवरों के क्षेत्र में इंसान की दखलंदाजी कम से कम की जाए, एवं तथा ऐसे क्षेत्र जहां जंगली जानवरों का विचरण तथा आतंक नियमित तौर पर देखने को मिलता है वहां वन विभाग की चौकिया बनाने के साथ नियमित गश्त का प्रबंध हो। जहां एक दुर्लभ जानवरों का संरक्षण जरूरी है वही ग्रामीणों की सुरक्षा भी सबसे ऊपर होनी चाहिए। कोई ना कोई हल तो सरकार को निकालना ही पड़ेगा जिससे कि ग्रामीणों को जीवन भर रुलाने वाले ऐसे दर्द न झेलने पड़े।

# जी–20 में भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियां

## साक्ष्य और समानता का आश्वासन

**हाल ही में, जुलाई में दिल्ली में जी–20 शेरपा, अमिताभ कांत की अध्यक्षता में आयुष मंत्रालय द्वारा स्थिति का जायजा लिया गया था। बैठक में जी–20 के माध्यम से वैश्विक स्तर पर चिकित्सा की आयुष प्रणालियों को बढ़ावा देने के आयुष मंत्रालय के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया गया। डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन (जीसीटीएम) के भीतर नवीन तकनीकों और नवीन दृष्टिकोणों को शामिल करने का सुझाव देते हुए, अमिताभ कांत ने विस्तार से बताया कि कैसे इनफ्यूजन पारंपरिक कार्यप्रणालियों को आधुनिक बनाएगा और उनकी प्रभावशीलता को बढ़ाएगा, जिससे पारंपरिक चिकित्सा की व्यापक स्वीकृति और उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने जी–20 के सभी भागीदार समूहों में पारंपरिक चिकित्सा के सिद्धांतों को एकीकृत करने के लिए हितधारकों के बीच बेहतर सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।**



**सर्बानंद सोनोवाल**

आज दुनिया भारत को किफायती और साक्ष्य–आधारित स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में पारंपरिक ज्ञान के भंडार के रूप में पहचानती है। इसका मुख्य कारण आयुर्वेद और योग में इसकी प्रभावशीलता है। भारत की जी–20 की अध्यक्षता ने इस प्रभावकारिता को विश्व की अग्रणी हस्तियों और स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े विशेषज्ञों के सामने बहुत ही लक्षित तरीके से प्रदर्शित करने का सुनहरा मौका प्रदान किया। आयुष मंत्रालय ने वैश्विक समुदाय को यह बताने के लिए सभी प्रासंगिक विचार–विमर्श में सक्रिय रूप से भाग लिया। भारत के पारंपरिक स्वास्थ्य विज्ञान "अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण" के सतत विकास लक्ष्य 3 (एसडीजी 3) पर ध्यान केंद्रित करते हुए मानवता और पर्यावरण की लगातार बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए इसे प्रदर्शित कर रहे हैं।

अब यह बिल्कुल स्पष्ट है कि कोविड के बाद वैश्विक समुदाय के स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार में भारी बदलाव आया है। अब यह समग्र स्वास्थ्य और कल्याण की ओर स्थानांतरित हो गया है। न्यायसंगत तरीके से उच्च गुणवत्ता, सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना अब मानवता की जरूरत है। पिछले 9 वर्षों के दौरान आयुष मंत्रालय की विभिन्न पहलों ने विभिन्न पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में आधुनिक तकनीकी उपकरणों और आधुनिक पद्धतियों को शामिल किया है, जिसके परिणामस्वरूप समग्र रूप से साक्ष्य–आधारित आयुष क्षेत्र में जबरदस्त वृद्धि हुई है।

यह याद रखना उचित होगा कि जापान के ओसाका में जी–20 शिखर सम्मेलन के तीसरे सत्र के दौरान, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में 5 ए – एक्सेसीबल (पहुंच योग्य), अफोर्डेबल (किफायती), अप्रोप्रिएट (समुचित), एकाउंटेबल (जवाबदेह) और एडेप्टेबल (अनुकूलनीय) के बारे में बताया था। आयुष मंत्रालय इन आयामों में लगातार योगदान दे रहा है और भारत की जी–20 अध्यक्षता के तहत व्यापक चर्चा के दौरान मंत्रालय ने विभिन्न कार्यक्रमों/सेमिनारों में प्रदर्शित किया कि उसके पास (ए) जी–20 देशों के भीतर पारंपरिक चिकित्सा के लिए अनुसंधान एवं विकास और नियामक दिशानिर्देशों का मानकीकरण को लेकर वैश्विक सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देने के लिए सभी आवश्यक साधन हैं; (बी) ज्ञान साझा करने, क्षमता निर्माण और सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों की सुविधा के लिए उद्योग जगत से हितधारकों को शामिल करना। मंत्रालय ने सहयोग और साझेदारी के संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के लिए विभिन्न जी–20 भागीदारी और कार्यसमूहों के साथ मिलकर काम किया।

जी–20 के तहत स्वास्थ्य कार्यसमूह की स्थापना महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों पर संवाद बढ़ाने और जी–20 देशों के दिग्गजों को सूचित करने के लिए की गई है। साथ ही, यह समूह वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए समान स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त करने की दिशा में काम करता है। आयुष मंत्रालय ने जी–20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सभी कार्यसमूह कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह सब 17–18 अगस्त को गुजरात के गांधीनगर में आयोजित पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन में किया गया। गुजरात के जामनगर में पारंपरिक चिकित्सा के लिए डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर में भागीदारी, विचारों और अनुभवों के आदान–प्रदान के मामले में और डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा रणनीति 2025–35 के दस्तावेज दोनों के लिए भविष्य की रणनीतियों को तैयार करने को लेकर शिखर सम्मेलन एक बड़ी सफलता थी।

पारंपरिक चिकित्सा में भारत सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए, डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस ने इस वैश्विक शिखर सम्मेलन के दौरान पारंपरिक चिकित्सा में भारत के निर्विवाद योगदान की पुष्टि की। उल्लेखनीय है कि इस वैश्विक शिखर सम्मेलन के परिणाम दस्तावेज को जल्द ही डब्ल्यूएचओ द्वारा गुजरात घोषणा के रूप में जारी किया जाएगा।

हाल ही में, जुलाई में दिल्ली में जी–20 शेरपा, अमिताभ कांत की अध्यक्षता में आयुष मंत्रालय द्वारा स्थिति का जायजा लिया गया था। बैठक में जी–20 के माध्यम से वैश्विक स्तर पर चिकित्सा की आयुष प्रणालियों को बढ़ावा देने के आयुष मंत्रालय के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया गया। डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन (जीसीटीएम) के भीतर नवीन तकनीकों और नवीन दृष्टिकोणों को शामिल करने का सुझाव देते हुए, अमिताभ कांत ने विस्तार से बताया कि कैसे इनफ्यूजन पारंपरिक कार्यप्रणालियों को आधुनिक बनाएगा और उनकी प्रभावशीलता को बढ़ाएगा, जिससे पारंपरिक चिकित्सा की व्यापक स्वीकृति और उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने जी–20 के सभी भागीदार समूहों में पारंपरिक चिकित्सा के सिद्धांतों को एकीकृत करने के लिए हितधारकों के बीच बेहतर सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।

जी–20 की विभिन्न एंगेजमेंट और वर्किंग ग्रुप की बैठकों में आयुष मंत्रालय के प्रयासों का निश्चित रूप से प्रभाव पड़ा है। इस बैठक में यह तब स्पष्ट हुआ जब स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अपर सचिव श्री लव अग्रवाल की टिप्पणी में उन्होंने भारत की जी–20 अध्यक्षता के दौरान स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की आगामी स्वास्थ्य संबंधी घोषणा में पारंपरिक चिकित्सा को शामिल करने की पुष्टि की। उन्होंने आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल के संदर्भ में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की पूरी क्षमता का पता लगाने और सहयोग करने के लिए विशेषज्ञों और हितधारकों को एक मजबूत मंच प्रदान करने के लिए पारंपरिक चिकित्सा के लिए एक समर्पित मंच की स्थापना की आवश्यकता भी जताई। उसी बैठक में, स्टार्टअप–20 के इंडिया चेयर श्री चिंतन वैष्णव ने कहा कि आयुष चिकित्सा प्रणाली को भविष्य को आकार देने वाले स्टार्टअप–20 एजेंडा की सूची में शामिल किया गया है, जिसे ब्राजील की जी–20 की अगली अध्यक्षता के तहत आगे बढ़ाया जाएगा।

अपने अत्याधुनिक अस्पतालों और अत्यधिक कुशल डॉक्टरों के साथ, भारत चिकित्सा पर्यटन के लिए सबसे लोकप्रिय स्थलों में से एक बनकर उभरा है। देश में चिकित्सा पर्यटन को और बढ़ावा देने के लिए, तिरुवनंतपुरम में पहले स्वास्थ्य कार्यसमूह ने चिकित्सा मूल्य यात्रा पर एक अतिरिक्त कार्यक्रम का आयोजन किया।

यह भारत में चिकित्सा पर्यटन उद्योग में अवसरों और चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए एक लाभदायक और व्यावहारिक मंच था। यहां कई हितधारकों द्वारा यह देखा गया कि एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल पर आधारित चिकित्सा मूल्य यात्रा के माध्यम से दुनिया के देश आपस में जुड़ेंगे। इसमें पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को मजबूत तरीके से शामिल किया गया है। यह मौजूदा स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में असमानताओं को दूर करने के उद्देश्य को पूरा करेगा।

उल्लेखनीय है कि आयुष उद्योग हाल के वर्षों में एक महत्वपूर्ण बदलाव से गुजरा है। बाजार अनुसंधान रिपोर्ट के अनुसार बाजार में प्रति वर्ष 17 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है और अनुमान है कि यह 23.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक तक पहुंच गया है। ये संख्याएं किसी भी उद्योग मानक से बहुत अधिक हैं। आयुष की बढ़ती लोकप्रियता और स्वीकार्यता का श्रेय बढ़ी हुई जागरूकता, वैज्ञानिक मान्यता, सरकारी समर्थन, वैश्विक पहुंच, जीवनशैली के रुझान और आयुष प्रणालियों द्वारा पेश किए गए व्यक्तिगत दृष्टिकोण को दिया जाता है। जैसे–जैसे अधिक लोग आयुष कार्यप्रणालियों के लाभों का अनुभव करेंगे, मुख्यधारा की स्वास्थ्य देखभाल में इसकी स्वीकृति और जुड़ाव बढने की संभावना है।

एक मोर्चे पर, यह आयुष क्षेत्र में काफी विकास के अवसरों को दर्शाता है, लेकिन इस तेज वृद्धि के साथ जुड़ी चुनौतियाँ भी हैं। चुनौतियों को सुरक्षा, प्रभावकारिता, पारदर्शिता, विश्वसनीयता और नैतिक कार्यप्रणालियों के संदर्भ में देखा जा सकता है।

बढ़ती लोकप्रियता ऐसे उदाहरण भी सामने लाती है जहां भ्रामक दावों ने जनता के बीच अविश्वास पैदा कर दिया हैं। भारत सरकार ने भ्रामक जानकारी के मुद्दे के समाधान के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें विज्ञापन और उपभोक्ता संरक्षण के मामले भी शामिल हैं। इसके संचालन में सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने और आयुष के क्षेत्र में विश्वास को बढ़ावा देने की यात्रा वर्ष 2014 में आयुष मंत्रालय की स्थापना के बाद से ही शुरू हो गई थी।

इन वर्षों के दौरान, मंत्रालय ने अपने फार्माकोविजिलेंस कार्यक्रम को मजबूत करके सक्रिय रूप से कदम उठाए हैं। भ्रामक विज्ञापनों की निगरानी के लिए एक मजबूत तंत्र विकसित किया गया है। इसके साथ ही, भ्रामक विज्ञापन से संबंधित अन्य नियम और विनियमन भी ऐसे मामलों से निपटने में समान रूप से प्रभावी हैं।

सरकार की प्रमुख पहलों में से एक मजबूत फार्माको–विजिलेंस कार्यक्रम का कार्यान्वयन है। ये कार्यक्रम आयुष दवाओं की सुरक्षा की निगरानी करने और प्रतिकूल घटनाओं या दुष्प्रभावों पर डेटा इकट्ठा करने के लिए तैयार किए गए हैं। यह कार्यक्रम प्रतिकूल घटनाओं की रिपोर्ट एकत्र करता है, उनका विश्लेषण करता है और उन पर प्रतिक्रिया देता है। इस पूरी प्रक्रिया में यह सुनिश्चित किया जाता है कि आयुष दवाओं की सुरक्षा प्रोफाइल की लगातार निगरानी की जा सके।

मंत्रालय ने नियामक अनुपालन और स्थापित दिशानिर्देशों के पालन के महत्व पर जोर दिया है। इसने आयुष औषधियों के लिए एक नियामक ढांचा लागू किया है, जिसमें निर्माताओं, आयातकों और वितरकों के लिए लाइसेंसिंग और प्रमाणन प्रक्रियाएं शामिल हैं। इसके अलावा, मंत्रालय ने आयुष के क्षेत्र में अनुसंधान और साक्ष्य–आधारित कार्यप्रणालियों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया है। यह आयुष उपचारों की प्रभावकारिता और सुरक्षा को मान्यता देने के लिए कठिन वैज्ञानिक अध्ययन और नैदानिक परीक्षणों को प्रोत्साहित करता है।

आयुष मंत्रालय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सूचनाओं का आदान–प्रदान करने, सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने और आयुष दवाओं की नियामक निगरानी को मजबूत करने के लिए नियामक अधिकारियों के साथ सहयोग करता है। यह सहयोग यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि सुरक्षा मानक वैश्विक कार्यप्रणालियों के अनुरूप हैं और उनके बीच तालमेल भी है। हाल ही में गांधीनगर में डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन के दौरान, इस विषय पर गहन विचार–विमर्श किया गया, जिसके परिणामस्वरूप भाग लेने वाले देशों के बीच इस क्षेत्र में समन्वित कार्रवाई की संभावना बढ़ी है।

संक्षेप में, पिछले कुछ महीनों के दौरान जी–20 की अध्यक्षता की गतिविधियों ने विभिन्न भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को साक्ष्य–आधारित प्रभावकारिता को प्रदर्शित करने और साझा करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। इसने देश और दुनिया भर में पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र के सभी हितधारकों की आशा और विश्वास को भी मजबूत किया है कि भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियां व्यापक तौर पर स्वास्थ्य कवरेज के ऊंचे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मानवता की सेवा करने में सभी आवश्यक साधनों से सुसज्जित हैं।

**लेखक केंद्रीय आयुष और पोत, पत्तन एवं जलमार्ग मंत्री हैं**

# पेट में राइट साइड की तरफ अक्सर दर्द महसूस कर रहे हैं? तो हो सकते हैं इसके ये कारण...

क्या आपने कभी पेट की दाहिनी तरफ दर्द महसूस किया है? पेट में दर्द होना वैसे तो आम बात है लेकिन हर दर्द का मतलब आपको पता होनी चाहिए. पेट की दाहिनी तरफ अगर दर्द होता है तो यह आपको परेशान कर सकता है. क्योंकि पेट की दाहिने तरफ कई ऑर्गन होते हैं. और इस तरफ दर्द होने के कई कारण हो सकते हैं.

यह अपेंडिसाइटिस हो सकता है

अपेंडिसाइटिस दाहिनी ओर पेट दर्द के सबसे आम कारणों में से एक है. इसमें दर्द होता है जो नाभि के आसपास शुरू होता है और फिर निचले दाहिनी ओर बढ़ जाता है. इस केस में दर्द 24 घंटों की अवधि में तेजी से बढ़ता और तेज होता है. इसमें तुरंत चिकित्सा हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है. अगर इलाज न किया जाए तो यह आपके अपेंडिक्स फट भी सकता है.

पेट में पथरी के कारण

क्या आपने कभी पेट के दाहिनी ओर दर्द महसूस किया है? पेट में दर्द अक्सर होने वाली शिकायत है, और जब यह दाहिनी ओर होता है तो यह परेशान करने वाला हो सकता है। पेट के दाहिने हिस्से में कई अंग होते हैं, और इस स्थान पर दर्द कई प्रकार की अंतर्निहित समस्याओं का संकेत दे सकता है.

गॉलब्लाडर की समस्या

गॉलब्लॉडर की समस्याएं हो सकती है. जैले पथरी सूजन.ऊपरी और दाहिने पेट में दर्द का कारण बन सकती है. यह दर्द अक्सर खाना खाने के बाद होता है. इसके साथ उल्टी और मतली की समस्या भी हो सकती है. गॉलब्लाडर में पथरी भी पेट दर्द कारण बन सकता है.

लिवर से संबंधित दिक्कतें

लिवर से संबंधित परेशानी , जैसे हेपेटाइटिस या लिवर फोड़ा, पेट के ऊपरी दाहिने हिस्से में असुविधा या दर्द पैदा करने का कारण हो सकता है. इसके अलावा, लक्षणों में पीलिया (त्वचा और आंखों का पीला पडऩा), थकान और टॉयलेट का रंग गहरा होना. लिवर की स्थिति गंभीरता में भिन्न होती है. कुछ हल्के हो सकते हैं और लाइफस्टाइल में कंट्रोल रखने और दवा से इसे कंट्रोल किया जा सकता है.

गुर्दे की पथरी

गुर्दे की पथरी से गंभीर दर्द हो सकता है जो पीठ से निचले दाहिने पेट तक फैलता है. दर्द लहरों में आ सकता है और टॉयलेट में खून, मतली और बार–बार पेशाब आने के साथ जुड़ा हो सकता है.गुर्दे की पथरी अविश्वसनीय रूप से दर्दनाक हो सकती है लेकिन आम तौर पर जीवन के लिए खतरा नहीं होती है. हालाँकि, असुविधा से राहत और जटिलताओं को रोकने के लिए उनका इलाज किया जा सकता है.

आंतों के मुद्दे

रिपोर्ट के अनुसार, दाहिनी ओर पेट में दर्द विभिन्न आंतों की समस्याओं, जैसे चिड़चिड़ा आंत्र सिंड्रोम (आईबीएस), क्रोहन रोग, या डायवर्टीकुलिटिस के कारण हो सकता है. इन स्थितियों के कारण पेट में ऐंठन, आंत्र की आदतों में बदलाव और सूजन हो सकती है.

# सिर्फ बातों से तो नहीं हारेगी भाजपा

**अजीत द्विवेदी**

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की मुंबई बैठक में खूब बातें हुईं। ममता बनर्जी और इक्का दुक्का अन्य नेताओं को छोड़ कर सभी विपक्षी नेताओं ने खूब भाषण दिए। एनडीए और 'इंडिया' का फर्क दिखा। एनडीए की बैठक में सब कुछ नरेंद्र मोदी पर केंद्रित था जबकि 'इंडिया' की बैठक में फ्री फॉर ऑल था। प्रेस के सामने सबको बोलने का मौका मिला और जिसको जितनी देर तक बोलने का मन हुआ वह बोलता रहा। मीडिया के लोग भी उब गए थे भाषण सुन कर। हर भाषण में एक बात दोहराई गई कि 'भाजपा को हरा देंगे'। यह बात राहुल गांधी ने कही, मल्लिकार्जुन खडग़े ने कही, नीतीश कुमार ने कही, लालू प्रसाद ने कही और अरविंद केजरीवाल ने भी कही। दूसरी पार्टियों के नेताओं ने भी अपनी अपनी तरह से इस बात को दोहराया। सबका यह कहना था कि अब हम एक साथ आ गए हैं तो भाजपा और नरेंद्र मोदी को हरा देंगे। राहुल गांधी ने इसका और विश्लेषण करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन में जो पार्टियां शामिल हुईं हैं वो देश के 60 फीसदी लोगों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसलिए विपक्षी गठबंधन जीत जाएगा।

यह देश के राजनीतिक परिदृश्य की अधूरी तस्वीर है और चुनाव की बेहद जटिल प्रक्रिया का सरलीकरण करना है। विपक्षी गठबंधन 60 फीसदी वोट का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। यह सही बात है कि भाजपा और उसके सहयोगियों को 41 फीसदी के करीब वोट मिले हैं। लेकिन बाकी 60 फीसदी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को नहीं मिले हैं। विपक्षी गठबंधन को भी 40 फीसदी के करीब ही वोट मिले हैं। बाकी 20 फीसदी वोट भाजपा के प्रति सद्भाव व समर्थन रखने वाली या तटस्थ रहने वाली पार्टियों को गए हैं या निर्दलीय उम्मीदवारों को गए हैं। विपक्ष का 40 फीसदी वोट भी तब बनता है, जब शिव सेना और जदयू का वोट जोड़ लेते हैं। ये दोनों पार्टियां पिछला चुनाव भाजपा के साथ तालमेल करके लड़ी थीं। अगर इन दोनों पार्टियों के वोट भाजपा के साथ जोड़ें तो उसका प्रतिशत 45 पहुंचता है और विपक्ष का 35 रह जाता है। सो, राहुल गांधी की ओर से उस 20 फीसदी वोट का दावा करने का कोई मतलब नहीं है, जिसका बड़ा हिस्सा बीजू जनता दल, वाईएसआर कांग्रेस, अन्ना डीएमके, बहुजन समाज पार्टी, तेलुगू देशम जैसी पार्टियों को गया। ये पार्टियां अब भी अलग चुनाव लड़ेंगी। पिछले चुनाव में अकेले सवा फीसदी वोट हासिल करने वाली के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति भी अलग चुनाव लड़ रही है।

सो, आंकड़ों को अपने हिसाब से तोड़–मरोड़ कर पेश करने या भाजपा को हरा देंग, मोदी को हरा देंगे की बातें दोहराने से भाजपा नहीं हारने वाली है। दूसरी अहम सचाई, जो विपक्षी पार्टियों को स्वीकार करनी चाहिए वह ये है कि भाजपा के साथ आमने सामने का मुकाबला बनाने यानी वन ऑन वन का चुनाव बनाने का नैरेटिव भी तथ्यात्मक रूप से अधूरा है। अव्वल तो विपक्षी पार्टियां सिर्फ उन्हीं राज्यों में आमने सामने का चुनाव करा पाएंगी, जहां एनडीए और 'इंडिया' की पार्टियों के अलावा दूसरी पार्टियां नहीं हैं। जहां दोनों गठबंधनों के अलावा दूसरी पार्टियां हैं वहां आमने सामने का मुकाबला नहीं बनेगा। विपक्षी पार्टियां ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों सहित कई और राज्यों में आमने सामने का मुकाबला नहीं बना पाएंगी।

मोटे तौर पर लोकसभा की 543 सीटों में से डेढ़ सौ सीटों पर आमने सामने का मुकाबला नहीं होगा। इन डेढ़ सौ सीटों में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की स्थिति शून्य वाली है। सो, इन सीटों में से कुछ खास नहीं हासिल होने वाला है। बची हुई चार सौ के करीब सीटों में से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात जैसे बड़े और हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे राज्य हैं, जहां भाजपा और कांग्रेस का सीधा मुकाबला होगा। वहां गठबंधन की पार्टियों का कोई मतलब नहीं है। इनमें से लगभग सभी राज्यों में भाजपा को अकेले 50 फीसदी या उससे ज्यादा वोट मिले हैं। इन राज्यों में लोकसभा की 110 सीटें हैं। इन सीटों को हटा दें तो 290 के करीब सीटें बचती हैं, जिन पर कांग्रेस और प्रादेशिक पार्टियां मिल कर आमने सामने का मुकाबला बनवाएंगी।

यह हकीकत है कि विपक्षी नेताओं की भाजपा को हराने की सदिच्छा तभी पूरी होगी, जब भाजपा का वोट कम होगा। अगर भाजपा अपना वोट बचाए रखने में कामयाब होती है तो विपक्ष कितना भी मजबूत गठबंधन बना ले वह भाजपा को नहीं हरा पाएगा। यह इसलिए होगा क्योंकि भाजपा का वोट एक निश्चित क्षेत्र में कंसोलिडेटेड है, जबकि विपक्ष का वोट पूरे देश में फैला है। दूसरे, जहां विपक्षी पार्टियां या उनका गठबंधन मजबूत है वहां भाजपा पहले से कमजोर है, जैसे तमिलनाडु, केरल। तीसरे, भाजपा जहां कमजोर हैं वहां ऐसी पार्टियां मजबूत हैं, जो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा नहीं हैं, जैसे ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना। इन पांच राज्यों की 122 में से भाजपा के पास सिर्फ 12 सीटें हैं। सो, इन राज्यों के नतीजे किसी के पक्ष में जाएं भाजपा की वास्तविक संख्या पर असर नहीं होने वाला है। इन राज्यों में भाजपा का वोट प्रतिशत भी बहुत कम है।इसलिए अगर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को अगले चुनाव में भाजपा को हराना है तो उसे यह देखना होगा कि वह कांग्रेस से सीधे मुकाबले वाले राज्यों– गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, असम, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भाजपा को कितना नुकसान पहुंचा सकती है। इसके अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब और दिल्ली में, जहां प्रादेशिक पार्टियां मजबूत हैं वहां भाजपा को कितना नुकसान पहुंचाया जा सकता है। भाजपा की ताकत इन्हीं 15 राज्यों से है। असली लड़ाई इन्हीं 15 राज्यों में होने वाली है। भाजपा को पता है कि इन राज्यों में उसे कैसे लडऩा है। उसका एजेंडा क्या है, नैरेटिव क्या है, प्रचार की रणनीति क्या है और चुनाव की जमीनी तैयारी क्या है। विपक्षी पार्टियों को इसे समझते हुए इन 15 राज्यों की अपनी रणनीति बनानी होगी।

तमाम बड़े राजनीतिक विश्लेषक बार बार कह रहे हैं कि विपक्षी पार्टियां आपसी मतभेद दूर करें और एकजुट होकर लड़ें तो भाजपा को हरा देंगे। इसी विश्लेषण से प्रभावित होकर विपक्षी नेताओं ने भी मुंबई में बार बार कहा कि पहले हम बिखरे हुए थे इसलिए हार गए और अब हम एकजुट हो गए हैं इसलिए जीत जाएंगे। असल में यह एक भ्रम है। भाजपा अकेले 37.36 फीसदी और सहयोगियों के साथ करीब 41 फीसदी वोट लेकर जीती है। वह विपक्ष के बिखरे होने की वजह से नहीं, बल्कि अपने वोट के दम पर जीती है। इसलिए विपक्षी पार्टियों के एकजुट हो जाने भर से वह नहीं हारेगी। वह हारेगी तभी जब उसका वोट कम होगा।

विपक्षी पार्टियों के नेताओं का दूसरा भ्रम भी मुंबई में उनके भाषण से जाहिर हुआ, जब उन्होंने कहा कि भाजपा को हराना है और लोकतंत्र व संघीय ढांचे को बचाना है। इस तरह की अमूर्त या सैद्धांतिक बातों से भाजपा का वोट नहीं कम होगा। भाजपा ऐसे अस्पष्ट एजेंडे के साथ चुनाव में नहीं उतरती है।

उसका एजेंडा बहुत क्लीयर होता है। वह हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और नरेंद्र मोदी के वैश्विक मजबूत नेतृत्व के मुद्दे पर चुनाव लडऩे जाएगी। विपक्षी पार्टियों को इसका जवाब देने के लिए बहुत मेहनत इसलिए करनी होगी क्योंकि आज तक के इतिहास में कोई भी सरकार तभी हारी है, जब उसके खिलाफ महंगाई और भ्रष्टाचार का बड़ा मुद्दा बना हो और जनता आंदोलित हुई हो। महंगाई, भ्रष्टाचार और अडानी की तमाम चर्चा के बावजूद इन मुद्दों पर जनता आंदोलित नहीं दिख रही है। ऐसे सपाट राजनीतिक हालात में जातीय, सामाजिक समीकरण काम आ सकता है। जाति गणना, सामाजिक न्याय, आरक्षण आदि के नैरेटिव के जरिए विपक्ष इस दिशा में काम कर रहा है।

## तुर्किये में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5 हुई

**इंस्ताबुल ,एजेंसी।** तुर्किये के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार वर्षा के कारण आई बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई हैं। स्थानीय मीडिया द्वारा गुरुवार को यह जानकारी दी गयी। किर्कलारेली प्रांत के इग्नेडा शहर में जारी भारी बरसात के कारण अचानक आई बाढ़ में पांच लोगों की मौत हो गयी और करीब 31 लोग घायल हो गए। मृतकों में से दो लोग इस्तांबुल के है। एक और लापता व्यक्ति की मौत सूचना मिलने से मृतकों की संख्या बढ़ गयी है। खोज और बचाव अभियान में 300 से अधिक कर्मी जुटे हैं।

आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने कहा कि यहां कैंपसाइट में दो घंटे के भीतर घनघोर बारिश होने से अचानक आई बाढ़ में बंगले क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया भर में भारी वर्षा हो रही है। हमें अचानक भारी बारिश की चेतावनियों को ध्यान में रखना होगा।

## सूडान– ओमडुरमैन में तोपखाने के हमले में 32 नागरिकों की मौत

**खार्तूम ,एजेंसी।** सूडान में आपातकालीन वकीलों के कानूनी समूह ने कहा है कि राजधानी के ओमडुरमन शहर में सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) द्वारा तोपखाने से शुरु की गोलाबारी में 32 नागरिक मारे गए। गैर-सरकारी सिंडिकेट ने बताया कि ओमडुरमैन के ओमबाडा इलाके में एसएएफ तोपखाने से किये हमलों में बच्चों सहित नागरिक मारे गए हैं। समूह ने एक बयान में कहा कि हमलों में दर्जनों लोग घायल हो गए और कई घर ध्वस्त हो गए। बयान कहा गया है कि नागरिक आबादी वाले क्षेत्रों में भारी और हल्के तोपखाने का उपयोग एक युद्ध अपराध है और यह दोनों संघर्षरत पक्षों द्वारा नागरिकों के जीवन के प्रति उपेक्षा को दर्शाता है। एसएएफ ने अभी तक घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार को एसएएफ और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच मुख्य रूप से पश्चिम ओमडुरमन में ओमबाडा पड़ोस और शहर के दक्षिण-पश्चिम में इंजीनियर्स कोर बेस के आसपास हिंसक झड़पें हुईं। सूडान के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में 15 अप्रैल से खार्तूम और अन्य क्षेत्रों में एसएएफ और आरएसएफ के बीच घातक झड़पें हो रही हैं, जिसके परिणामस्वरूप कम से कम तीन हजार लोगों की मौत हो गई और छह हजार से अधिक घायल हो गए।

## दूसरे एसीटीसीएम बार्ज भारतीय नौसेना को सौंपा गया

**नई दिल्ली।** भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के अनुरूप, ग्यारह गोला-बारूद बार्ज के निर्माण और वितरण के लिए एमएसएमई, मेसर्स सूर्यदीप्त प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, ठाणे के साथ अनुबंध संपन्न हुआ। श्रृंखला का दूसरा बजरा एलएसएएम 16 (यार्ड 126) सीओवाई (एमबीआई) के सीएमडीई एमवी राज कृष्णा की उपस्थिति में भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है। बार्ज को भारतीय शिपिंग रजिस्टर (आईआरएस) के वर्गीकरण नियमों के तहत 30 साल की सेवा जीवन के साथ बनाया गया है। स्वदेशी निर्माताओं से प्राप्त सभी प्रमुख और सहायक उपकरणों/प्रणालियों के साथ, बार्ज को रक्षा मंत्रालय की मेक इन इंडिया पहल का गौरव प्राप्त है।एसीटीसीएम बार्ज के शामिल होने से जेटी और बाहरी बंदरगाह दोनों पर आईएन जहाजों के लिए सामान/गोला-बारूद के परिवहन, आरोहण और उतरने की सुविधा प्रदान करके आईएन की परिचालन प्रतिबद्धताओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

# आईआईटी निदेशक का दावा, हिमाचल में जानवरों पर क्रूरता से हो रहीं भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं

**नई दिल्ली/मंडी, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा का अजीबोगरीब बयान वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वायरल वीडियो में निदेशक एक कार्यक्रम में हिमाचल में आई त्रासदी को मनुष्य के मांस खाने और जानवरों से क्रूरता से जोड़ते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि वीडियो कब का है और कहां का है, इस बारे में अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिल पाई है।

आईआईटी मंडी का मीडिया सेल भी इस वीडियो को लेकर पुख्ता जानकारी साझा नहीं कर पाया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो में आईआईटी मंडी के निदेशक लक्ष्मीधर बेहरा बच्चों को मांस न खाने के बारे में नसीहत दे रहे हैं।

वीडियो में निदेशक बोल रहे हैं कि यदि मनुष्य को अच्छा इंसान बनना है तो उसे मांस नहीं खाना चाहिए। इस वीडियो में निदेशक बच्चों को मांस न खाने का संकल्प भी दिला रहे हैं। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे इस वीडियो को लेकर कई तरह की टिप्पणियां की जा रही हैं।

समाचार एजेंसी के अनुसार प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा कि अगर जानवरों को काटना बंद



नहीं किया तो हिमाचल प्रदेश का भारी पतन हो जाएगा। आप निदीष जानवरों को काट रहे हैं। बेहरा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बार-बार भूस्खलन, बादल फटना और कई अन्य चीजें हो रही हैं।

ये सभी जानवरों पर क्रूरता का प्रभाव है। उन्होंने आगे कहा कि अच्छा इंसान बनने के लिए आपको मांस खाने से मना करना होगा। फिर विद्यार्थियों से मांस नहीं खाने की कसम लेने को कहा। इस विवाद पर बेहरा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। उनकी टिप्पणियों ने नेटिजन्स की आलोचना को आकर्षित किया।

यह पहली बार नहीं है जब बेहरा ने अपनी विवादास्पद टिप्पणियों से विवाद खड़ा किया है। पिछले साल, वह यह दावा करने के लिए सुर्खियों में आए थे कि वह पवित्र मंत्रों का जाप करके अपने दोस्त के अपार्टमेंट और परिवार को बुरी आत्माओं से छुटकारा दिलाने के लिए भूत-प्रेत भगाने के काम में शामिल थे।

उद्यमी और आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र संदीप मनुधाने ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, "पतन पूरा हो गया है। ये अंधविश्वासी मूर्ख 70 वर्षों में जो कुछ भी बनाया गया था उसे नष्ट कर देंगे। बायोफिजिक्स के प्रोफेसर गौतम मेनन ने कहा, मौजूदा व्यवस्था में आईआईटी मंडी के निदेशक की तरह के विचार यहां प्रदर्शित होना एक विशेषता है, कोई बग नहीं। यह बेहद दुखद है।

## जी-20 : हॉलीवुड अभिनेत्री मैरी मिलबेन ने की पीएम मोदी की सराहना

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** अफ्रीकन की समस्याओं को वैश्विक पटल पर लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही बड़ा फैसला लिया है। पीएम मोदी ने जी-20 देशों के समक्ष एक प्रस्ताव पेश किया है। प्रस्ताव में उन्होंने कहा कि अफ्रीकी यूनियन को जी-20 की स्थाई सदस्यता दे सकते हैं। उनके इस कदम की हर कोई चर्चा कर रहा है। इस बीच, अफ्रीकी-अमेरिकी हॉलीवुड अभिनेत्री और गायिका मैरी मिलबेन ने भी इस कदम के लिए पीएम मोदी की प्रशंसा की है।पिछले हफ्ते एक इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा था कि अफ्रीका भारत के लिए सवीच्च प्राथमिकता है और यह वैश्विक मामलों में उन लोगों को शामिल करने के लिए काम करता है, जिन्हें लगता है कि उनकी आवाज नहीं सुनी जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी की आवाज सुने बिना विश्व में भविष्य की कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती। जी-20 के सालभर चलने वाले कार्यक्रमों में डेढ़ करोड़ से ज्यादा भारतीय शामिल हैं। हम जी-20 की अध्यक्षता के बाद भी इसमें रचनात्मक योगदान जारी रखेंगे।

गौरतलब है, पिछले कुछ सालों में भारत वैश्विक दक्षिण या विकासशील देशों, विशेष रूप से अफ्रीकी महाद्वीप की चिंताओं, चुनौतियों और आकांक्षाओं को उजागर करते हुए खुद को एक अग्रणी आवाज के रूप में स्थापित कर रहा है।

## भारत जैसा पड़ोसी पाकर खुद को भाग्यशाली मानता हूं : नेपाल के विदेश मंत्री

**काठमांडू ,एजेंसी।** ऐसे समय में, जब नेपाल में चीनी राजदूत ने नेपाल के प्रति भारत के 'अनुचित' व्यवहार की आलोचना की है, हिमालयी राष्ट्र के विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सऊद ने कहा कि नेपाल भाग्यशाली है कि उसके पास भारत जैसा पड़ोसी है, जिसने देश और उसके लोगों के विकास के में योगदान दिया है।

यहां भारत की सहायता से खोले गए एक स्कूल का उद्घाटन करते हुए सऊद ने कहा कि यह विकासात्मक परियोजना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह नेपाली छात्रों की पीढ़ियों के लिए शिक्षा सुनिश्चित करेगी और उनके भविष्य के करियर में मदद करेगी। इस अवसर पर नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव भी मौजूद थे। सऊद ने यह भी कहा कि वह नेपाल के विकास में भारत से निरंतर समर्थन की आशा रखते हैं। राजदूत श्रीवास्तव ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह परियोजना भारत और नेपाल के बीच बहुत मजबूत विकास साझेदारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसने हाल के वर्षों में नेपाल सरकार और उसके लोगों के विभिन्न प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को कवर करते हुए महत्वपूर्ण प्रगति की है।

उन्होंने दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए नेपाल सरकार की प्राथमिकताओं के अनुसार विकास साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। नेपाल में चीनी राजदूत चेन सोंग ने एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा था कि 'दुर्भाग्य से आपके पास भारत जैसा पड़ोसी है, लेकिन सौभाग्य से आपके पास भारत जैसा पड़ोसी है, क्योंकि भारत एक विशाल बाजार है, जिसमें अपार संभावनाएं हैं।

## तमिलनाडु पुलिस ने एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या के मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

**चेन्नई ,एजेंसी।** तमिलनाडु के तिरुपुर में एक परिवार के चार सदस्यों की हत्या के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को तिरुपुर पुलिस टीम को मुख्य आरोपी वेंकटेश की लोकेशन तिरुनेलवेली में मिली थी।पुलिस के मुताबिक वेंकटेश ने स्पेशल पुलिस टीम पर गीली मिट्टी फेंककर भागने की कोशिश की. पुलिस ने उसके पैरों पर गोली चलाई और फिर उसे हिरासत में ले लिया।अब उन्हें कोयंबटूर सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।रविवार को, सेंथिलकुमार (47), मां पुष्पावती (68), चाची रत्नम्मा (58) और उनके चचेरे भाई और स्थानीय भाजपा नेता, मोहनराज (46) की कथित तौर पर वेंकटेश और उसके साथियों ने हत्या कर दी थी।

# उदयनिधि के बाद अब डीएमके नेता राजा के बिगड़े बोल, सनातन धर्म की तुलना बीमारियों से की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के बाद अब डीएमके के एक और नेता ने सनातन धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के उप महासचिव और लोकसभा सदस्य ए. राजा ने सनातन धर्म की तुलना कुष्ठ रोग और एचआईवी जैसी बीमारियों से की है।

यूपीए (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) सरकार के दौरान केंद्रीय मंत्री रहे राजा ने कहा कि तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी काफी मामूली थी और उन्होंने केवल यह कहा था कि सनातन धर्म को डेंगू और मलेरिया की तरह खत्म किया जाना चाहिए, जिसमें कोई सामाजिक कलंक नहीं है। उन्होंने बुधवार को कहा, ''यदि सनातन धर्म पर घृणित शब्दों में



टिप्पणी की जाये; एक समय कुष्ठ रोग और एचआईवी को कलंक माना जाता था और जहां तक हमारा सवाल है, इसे (सनातन) एचआईवी और कुष्ठ रोग की तरह माना जाना चाहिए जिस पर सामाजिक कलंक था।'' उन्होंने कहा, ''उदयनिधि की टिप्पणी मामूली थी और यदि आप मुझसे पूछेंगे तो मैं कड़ी टिप्पणी करूंगा।'' राजा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सनातन धर्म का पालन करने की वकालत करते हैं और यदि उन्होंने इसका पालन किया होता, तो उन्होंने इतने सारे विदेशी देशों का दौरा नहीं किया होता। राजा ने कहा, ''एक अच्छे हिंदू को समुद्र पार करके दूसरे देश में नहीं जाना चाहिए। आपका (मोदी) काम जगह-जगह जाना है।'' उन्होंने कहा कि मोदी ने सनातन धर्म के सिद्धांतों का उल्लंघन किया और विदेशों का दौरा किया और अब वह इसकी रक्षा करने का दावा कर रहे हैं जो एक धोखा है। द्रमुक के वरिष्ठ नेता ने मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को दिल्ली में शंकराचार्यों की उपस्थिति में वर्णाश्रम और सनातन धर्म पर बहस करने की अपनी चुनौती दोहराई उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं से राष्ट्रीय राजधानी में बहस की तारीख तय करने को कहा और कहा कि वह इसमें भाग लेंगे।दिल्ली के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दायर कर तमिलनाडु के मंत्री और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ एफआईआर की मांग की है। आवेदन में सुप्रीम कोर्ट के पहले के आदेश के संदर्भ में नफरत फैलाने वाले भाषण के लिए स्वतः संज्ञान एफआईआर दर्ज नहीं करने के लिए दिल्ली और चेन्नई पुलिस के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्रवाई की भी मांग की गई है।

# गुलामी का प्रतीक 'इंडिया' नाम नहीं, राष्ट्रगान है: मौलाना तौकीर रजा

**बरेली, एजेंसी।** 'भारत' और 'इंडिया' नाम को लेकर छिड़े सियासी घमासान पर आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने भाजपा, कांग्रेस और आरएसएस को निशाने पर लिया है। बरेली में बृहस्पतिवार को प्रेसवार्ता कर मौलाना ने कहा कि हिंदुस्तान के तीन नाम हैं, जो हमेशा रहेंगे। राजनीतिक दल देश के नाम पर राजनीति कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया नाम गुलामी का प्रतीक नहीं है बल्कि राष्ट्रगान गुलामी का प्रतीक है।

मौलाना तौकीर रजा खां ने कहा कि राजनीति और वोटों को हासिल करने के लिए देश का कितना बड़ा नुकसान हो जाए, इन राजनीतिक दलों को कोई



परवाह नहीं। भाजपा और आरएसएस इंडिया नाम से इतनी खौफजदा हैं कि 'इंडिया' को खत्म करने के लिए तैयार हो गईं। इंडिया को जो खत्म करना चाहता है या कोशिश कर रहा है। वो हमारे देश का दोस्त नहीं हो सकता।

### भाजपा-कांग्रेस पर साधा निशाना

तौकीर रजा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक लाभ लेने के लिए विपक्षी गठबंधन का नाम इंडिया रखा गया है।

उन्होंने कहा कि मैंने कांग्रेस के झंडे का भी हमेशा एतराज किया था। जब देश का झंडा तिरंगा है तो कांग्रेस पार्टी को अपना झंडा अलग रखना चाहिए था। इस बार गठबंधन का नाम इंडिया रखा है, ये सिर्फ राजनीतिक के लिए हैं। कांग्रेस गलत रही है। भाजपा उससे ज्यादा गलत कर रही है।

मौलाना ने बताया कि जब भाजपा ने कहा था कि गुलामी के प्रतीक खत्म किए जाएंगे तब मैंने लिखकर दिया था कि गुलामी का प्रतीक तो राष्ट्रगान है। यह बात राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और आरएसएस प्रमुख को भी लिखी। उन्होंने इसका जबाव नहीं दिया। जन गण मन अधिनायक, अधिनायक शब्द किसके लिए इस्तेमाल किया गया है?

उन्होंने कहा कि किंग जार्ज के लिए राष्ट्रगान गाया गया था। यह गुलामी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अगर मुसलमानों से नफरत है तो हिंदू समाज के अच्छे शायर और कवि हैं, उनसे राष्ट्रगान लिखवाया जाए। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के तीन नाम हैं। तीनों रहने चाहिए। इन नामों को खत्म करने की कोशिश का कामयाब नहीं होने दिया जाएगा।

## इश्क के साइड इफेक्ट : प्रेमिका से मिलने गए युवक को पहनाई जूतों की माला

**बिजनौर ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में नगीना थाना क्षेत्र के हरगांव चादन में एक युवक को पहले प्रेमिका के परिवार वालों ने अर्धनग्न कर पीटा और फिर गले में जूतों की माला पहनाई। वह छोड़ने की गुहार लगाता रहा, मगर किसी ने नहीं सुना। उसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की ओर से चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामला नगीना थाना क्षेत्र के हरगांव चादन की है।

## हरियाणा मानवाधिकार आयोग के कड़े संज्ञान से उत्तराधिकारी को मिली सहायता राशि

चंडीगढ़ ,एजेंसी। अंबाला के ऑब्जरवेशन फॉर्म में नाबालिक द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने कड़ा संज्ञान लेने की बात कहते हुए बताया कि सरकार को इस मामले की उचित जांच और कार्रवाई के आदेश दिए हैं। दरअसल फतेहाबाद का मूल निवासी नाबालिक मुकदमा दर्ज होने के बाद अंबाला शिफ्ट किया गया था। दो ही दिन बाद इस नाबालिग ने आत्महत्या कर ली थी। इस पर हरियाणा मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष दीप भाटिया ने कहा कि मामला हमारे संज्ञान में है और हमारे कहने पर सरकार द्वारा किसी भी जेल में बंद कैदी की अप्राकृतिक मृत्यु पर उसके कानूनन उत्तराधिकारी को मिलने वाली मुआवजा राशि में बढ़ोतरी कर इसे 5 लाख से साढे 7 लाख किया गया था।

भाटिया ने बताया कि नाबालिक के सुसाइड मामले को इस क्राइटेरिया में जोडक़र यह मुआवजा राशि दिए जाने के निर्देश दिए गए थे। जिसे मानते हुए सरकार ने यह मुआवजा राशि ग्रांट की अनुमति दे दी है। भाटिया के अनुसार अभी तक इस नाबालिक के परिवार से संपर्क नहीं हो पाया। लेकिन जल्द ही परिजनों का पता लगाकर उन्हें यह सहायता राशि मिल चुकी है।

## छेड़छाड़ की शिकार नाबालिग के थाने में कपड़े उतरवाए, फोटो खींचे, पीड़िता कोमा में

**कानपुर ,एजेंसी।** कानपुर पुलिस विभाग अपने किए गए कामों की वजह से अक्सर सुर्खियों में रहता है। वर्दी को कलंकित करना इनके लिए लगता है कोई बड़ी बात नहीं रह गई है। इसी कानपुर पुलिस का एक और शर्मनाक कारनामा सामने आया है। अब साढ़ थाना पुलिस पर आरोप है कि उन्होंने एक नाबालिग पीड़िता की सलवार उतरवा कर फोटो ग्राफी की है। पुलिस ने यह सब आरोपी युवक के सामने किया है। इसके बाद नाबालिग पर आरोपी से शादी का दबाव भी बनाया गया। ये गंभीर आरोप एक नाबालिग के पिता ने पुलिस पर लगाए हैं। दरअसल नाबालिग के पिता ने घाटमपुर इलाके के थाना साढ़ में एक युवक पर उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करने और अश्लील हरकते करने के मामले में शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस ने 3 सितंबर को आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने नाबालिग को पूछताछ के लिए थाने बुलाया, इस दौरान लेडी कॉस्टेबल आरोपी के सामने ही उससे पूछताछ करके उसके कपड़े उतरवा देती हैं। पिता ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी बेटी की आपत्तिजनक फोटोज भी पुलिस ने क्लिक की है।

नाबालिग पीड़िता ने पिता को बताया तो उनके होश उड़ गए, पिता का आरोप है कि आरोपी पूर्व दबंग प्रधान का भतीजा है जिसके चलते पुलिस ने ये काम किया है। पिता ने बताया कि उनकी बेटी पुलिस की इस घिनौनी हरकत की वजह से बहुत डर गई है और अवसाद ग्रस्त हो कर कोमा में चली गई है।

फिलहाल नाबालिग का इलाज कानपुर के एक हॉस्पिटल के बाल रोग यूनिट में चल रहा है। पिता ने मामले में बताया कि लडक़ी को अमन स्कूल जाते समय छेड़ा करता था, उसने लडक़ी के फोटो भी खींचे और उनको एडिट कर अश्लील बना दिया। लडक़े ने सोशल साइट पर भी पोस्ट कर दिया, इसके बाद उन्होंने मजबूर हो कर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

## सीट के लिए कोटे का खेल खेलने वाले दलालों की अब खैर नहीं, चलती ट्रेन में यात्री से हो जाएगी पूछताछ

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** ट्रेनों में सीटों के लिए कोटा लेने और सैटिंग से उस कोटे को लेकर चल रहे खेल से रेलवे प्रबंधन पर्दा उठाने वाला है। इस संबंध में उत्तर रेलवे ने कहा है कि कोटा लगाने वाले अफसर और यात्री के बीच संबंध की जानकारी के लिए अब एक फॉर्म भरना अनिवार्य होगा।

देखा जाए तो त्योहार के सीजन में दिल्ली से चलने वाली अधिकतर ट्रेनों की सीट बुक हो जाती है और यात्री कंफर्म टिकट पाने के लिए दलालों के चक्कर काटते रहते हैं। लेकिन दलाल भी लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर उनसे मनचाहा पैसा ऐंठ लेते हैं। उसके बाद कुछ दलाल ऐसे होते हैं जिनकी रेलवे के धिकारियों को भी कुछ पैसा खिलाकर वह सांसद के कोटा से फॉर्म लगवा देते हैं।सफर के दौरान जिस सीट पर कोटा लगा है, उस सीट पर बैठे यात्री का मोबाइल नंबर, नाम, पीएनआर नंबर, सीट नंबर, कहां से कहां तक जाना है।

# जयराम रमेश संवैधानिक प्रावधानों और संसदीय प्रक्रियाओं के बारे में भ्रामक बयान दे रहे हैं : प्रल्हाद

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने संसद के विशेष सत्र और एजेंडे को लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि वह संवैधानिक प्रावधानों और संसदीय प्रक्रियाओं के बारे में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं और भ्रामक बयान दे रहे हैं।

प्रल्हाद जोशी ने जयराम रमेश के एक्स पर रिप्लाई करते हुए कहा, लोकतंत्र में संसद को बुलाना सबसे बड़ा वरदान है, हालांकि बाध्यकारी विरोधाभासी लोगों की एक लॉबी है जो इसका विरोध करती है। जयराम रमेश के हालिया बयान काफी भ्रामक रहे हैं। वह संवैधानिक प्रावधानों और संसदीय प्रक्रियाओं के बारे में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं।

जोशी ने जयराम रमेश पर हमला जारी रखते हुए कहा, रमेश झूठा दावा कर रहे हैं कि जीएसटी लागू करने के लिए 30 जून, 2017 को सेंट्रल हॉल में हुआ ऐतिहासिक समारोह संसद सत्र था। यह बिल्कुल सच नहीं है! यह संविधान के अनुच्छेद 85 के तहत एक सत्र नहीं था। संसद और इसकी प्रक्रियाओं को बदनाम करने वाली गलत सूचना के प्रसार को रोकना महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय मंत्री ने अपने एक्स पर विशेष सत्र को लेकर आगे कहा, संविधान के अनुच्छेद 85 के तहत संसद का एक सत्र यही है और स्थापित संसदीय प्रथाओं के अनुसार एजेंडा शेयर किया जाएगा।

जोशी ने आगे लिखा, अब, आइए एक और गलतबयानी पर ध्यान दें। रमेश ने संविधान की 70वीं वर्षगांठ के लिए 26 नवंबर, 2019 को सेंट्रल हॉल में विशेष बैठक का उल्लेख किया। लेकिन यह भी संविधान के अनुच्छेद 85 के तहत संसदीय सत्र नहीं था। उत्सव समारोहों और औपचारिक संसदीय सत्रों के बीच अंतर करना महत्वपूर्ण है। हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अखंडता को बनाए रखने में सटीक जानकारी मायने रखती है।

कांग्रेस की पिछली सरकारों पर कई आरोप लगाते हुए जोशी ने आगे कहा, इतिहास गवाह है कि यह आपकी सरकार थी जो संसदीय लोकतंत्र को तोडऩे-मरोडऩे के लिए जानी जाती थी। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लोगों ने आपातकाल लागू कर कैसे 1975 में आपकी सरकार द्वारा इस देश के लोगों और संस्थानों के अधिकारों पर अंकुश लगाया गया था। अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग करते हुए 90 से अधिक बार लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राज्य सरकारों को बर्खास्त करने में आपकी सरकार का स्ट्राइक रेट शानदार है।

## भोपाल रेप के आरोप में एक साल से जेल में बंद मिर्ची बाबा बरी, सबूतों के अभाव में लिया गया फैसला

**भोपाल एजेंसी।** रेप के आरोप में भोपाल सेंट्रल जेल में बंद वैराग्यानंद गिरी उर्फ मिर्ची बाबा को बुधवार को कोर्ट ने बरी कर दिया है. मिर्ची बाबा पर लगे दुष्कर्म के आरोप सिद्ध नहीं हो सके हैं. मिर्ची बाबा को ग्वालियर से गिरफ्तार करने वाली भोपाल पुलिस आरोप सिद्ध नहीं कर सकी. इसके बाद कोर्ट ने बाबा को बाइज्जत बरी किया. जज समृता सिंह ठाकुर की अदालत ने फैसला सुनाया.

करीब एक साल पहले मिर्ची बाबा पर निसंतान महिला ने नशीली भभूती खिलाकर रेप करने का आरोप लगाया था. भोपाल के महिला थाने में 8 अगस्त 2022 को मामला दर्ज हुआ था. 9 अगस्त 2022 को भोपाल पुलिस ने मिर्ची बाबा को ग्वालियर से गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी के बाद से मिर्ची बाबा सेंट्रल जेल में बंद हैं. कांग्रेस सरकार में मिर्ची बाबा को राज्यमंत्री का दर्जा भी मिला था.

# किंग्स कप 2023 के फाइनल में पहुंचने से चूकी टीम इंडिया, सेमीफाइनल में इराक ने हराया



नई दिल्ली। भारत की फुटबॉल टीम किंग्स कप 2023 के फाइनल में पहुंचने से चूक गई। भारत को सेमीफाइनल मैच में इराक के हाथों करीबी अंतर से हार का सामना करना पड़ा। पहले मैच 2–2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट हुआ तो भारत की टीम उसमें एक गोल से पिछड़ गई। भारत ने चार बार, जबकि इरान ने पांच बार गेंद को नेट में पहुंचाया।

थाईलैंड के चियांग मे स्टेडियम का ये 700वां मैच था। किंग्स कप के सेमीफाइनल मैच में भारत और इराक की टक्कर देखने को मिली। इस मैच में भारत के रेगुलर कैप्टन सुनील छेत्री उपलब्ध नहीं थे, क्योंकि वे हाल ही में पिता बने हैं। दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला कड़ा हुआ। इतिहास को देखें तो इराक के खिलाफ भारत एक भी मैच नहीं जीता है और इस बार भी ऐसा ही हुआ। 7 में से भारत 5 मैच हारा है और दो ड्रॉ रहे हैं।

भारत ने इस वर्ष में अब तक तीन प्रतियोगिताओं में भाग लिया था और सभी टूर्नामेंटों में जीत हासिल की थी। इनमें ट्राई–नेशन इंटरनेशनल फ्रेंडली फुटबॉल टूर्नामेंट, इंटरकांटिनेंटल कप और रआा चैम्पियनशिप शामिल है। हालांकि, भारत को इराक के खिलाफ किंग्स कप में भारत को सेमीफाइनल मैच में हार मिली। भारत ने अच्छी लड़ाई लड़ी, लेकिन फीफा रैंकिंग में भारत से 29 स्थान ऊपर बैठी इराक ने हरा दिया।

2–2 की बराबरी पर जब मैच खत्म हुआ तो भारत ने पेनल्टी शूटआउट में पहला गोल करने की कोशिश की, लेकिन पहले अटेम्प्ट में गोल नहीं हुआ। हालांकि, इसके बाद लगातार चार बार गेंद को नेट्स में पहुंचाया, लेकिन दूसरी ओर इराक ने पांचों बार गेंद को नेट्स में पहुंचाया और शुरुआत से मिली 1–0 की बढ़त आगे 5–4 पर जाकर खत्म हुई और इस तरह भारत को मात झेलनी पड़ी।

## बैलन डी'ओर के लिए नहीं नॉमिनेट हुए क्रिस्टियानो रोनाल्डो, लियोनेल मेस्सी का नाम फिर शामिल

पेरिस। सात बार के बैलन डी'ओर जीत चुके लियोनेल मेस्सी को एक साल बाद फिर से फुटबॉल के इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है। लंबे समय तक मेस्सी के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी रहे क्रिस्टियानो रोनाल्डो को हालांकि इस बार नॉमिनेट नहीं किया गया है। दिसंबर में अर्जेंटीना को वर्ल्ड कप का खिताब दिलाने वाले और मौजूदा समय में इंटर मियामी की तरफ से खेल रहे मेस्सी को पिछले साल इस लिस्ट में जगह नहीं मिली थी।

इस बार बुधवार को 30 पुरुष खिलाड़ियों की जो लिस्ट जारी की गई उसमें मेस्सी का नाम शामिल है। उन्हें इस पुरस्कार के लिए एर्लिंग हॉलैंड और काइलिन एमबापे से कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है।

पिछले साल के विजेता करीम बेनजेमा भी इस लिस्ट में शामिल हैं। सऊदी अरब के क्लब अल नासेर की तरफ से खेल रहे रोनाल्डो 2003 के बाद पहली बार इस लिस्ट में जगह नहीं बना पाए। रोनाल्डो ने पांच बार यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड जीता है।

# भारत की विश्व कप टीम को लेकर अख्तर भी सेलेक्टर्स पर भड़के



नई दिल्ली, पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने विश्व कप में भारत पाकिस्तान मैच को लेकर अपनी राय पेश की। अख्तर ने विश्व कप टीम से युजवेंद्र चहल और एक बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को बाहर करने पर हैरानी जताई है।

**टीम में बाएं हाथ का गेंदबाज नहीं शामिल**

अख्तर ने कहा कि उन्होंने (सिलेक्टर्स) चहल को टीम में कैसे नहीं चुना ये मेरी समझ से परे है। इसके अलावा अख्तर ने कहा कि अर्शदीप को टीम में होना चाहिए, क्योंकि जब आप दबाव में पाकिस्तान जैसे किसी टीम के खिलाफ खेल रहे हों तो आपको बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की जरूरत होती है।

**एक कम गेंदबाज के साथ विश्व कप खेलेगा भारत**

अख्तर ने कहा कि जब आप 150 या 200 रन पर आउट हो जाते हैं तो बल्लेबाज को नहीं बल्कि गेंदबाजों की प्रदर्शन करने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि अगर पहले पांच बल्लेबाज रन नहीं बना सके तो नंबर 7 या 8 का बल्लेबाज क्या करेगा? तो मुझे लगता है कि भारत एक कम गेंदबाज के साथ वर्ल्ड में उतरने जा रहा है।

**विराट कोहली किस नंबर पर खेलेंगे**

अख्तर ने आगे कहा कि पिछले दो सालों से पिछले दो सालों से भारत अपनी फाइनल प्लेइंग इलेवन नहीं चुन सका है। टीम में खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण तीन–चार लोगों ने टीम में उनकी जगह ली है। मेरे लिए ये अजीब है कि हम अभी भी नहीं जानते कि नंबर 4 और 5 पर कौन बल्लेबाजी करेगा।

**स्थिर नहीं भारतीय टीम**

अख्तर ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत ही अजीब बात है कि भारत पिछले दो सालों से एक व्यवस्थित टीम नहीं रही है। इसका कारण है कि आप नहीं जानते कि किसे किस नंबर पर खेलना है, लेकिन ऐसा कहने के बाद रोहित और विराट को अच्छा खेलना होगा क्योंकि आपको एक नाम मिल गया है।

**हार्दिक और ईशान की तारीफ में बोले पाक खिलाड़ी**

आपको क्रीज पर डटे रहना होगा, जिससे हम यह युवा खिलाड़ियों पर न छोड़ दें। रोहित और विराट दो बहुत बड़े नाम हैं तो इन्हे परफॉर्म करना होगा। गेंदबाजी टीम पूरी तरह से अस्थिर दिखती है। हार्दिक पांड्या एक बार फिर भारत के लिए अहम होंगे। ईशान किशन किसी भी नंबर पर खलने की मानसिकता रखते हैं।

# नीदरलैंड ने वर्ल्ड कप के लिए किया टीम का एलान



नई दिल्ली, नीदरलैंड ने अगले महीने से भारत में शुरू होने वाले विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का एलान किया है। स्कॉट एडवर्ड्स क्रिकेट के महाकुंभ में नीदरलैंड की कप्तानी करेंगें।

वर्ल्ड कप क्वालीफायर का हिस्सा नहीं थे यह खिलाड़ी

इस बीच हैरान करने वाली बात यह है कि वैन डेर मेरवे और एकरमैन की जोड़ी आईसीसीसी पुरुष वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफायर टूर्नामेंट में टीम का हिस्सा नहीं थी। ऐसे में टीम वर्ल्ड कप में सभी टीमों से भिड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। नीदरलैंड की टीम के पास काफी अनुभव है और वैन डेर मेरवे और एकरमैन की जोड़ी की वापसी से टीम के लाइन–अप को काफी मजबूती मिली है।

टी20 विश्व कप में दोनों खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन–

पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान एडवर्ड्स ने शानदार प्रदर्शन किया था, जो अब टीम की कमान संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

टी20 विश्व कप 2022 में एकरमैन नीदरलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज थे। इसके साथ ही वैन डेर मेरवे और एकरमैन ने बल्लेबाजी और फील्डिंग में शानदार प्रदर्शन करके अपनी योग्यता साबित की।

## अल्कराज वनाम ज्वेरेव मैच के बीच एमएस धोनी हुए कैमरे में कैद

नई दिल्ली । टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और स्टार क्रिकेटर रह चुके महेंद्र सिंह धोनी इन दिनों अमेरिका में हैं। धोनी को क्रिकेट के अलावा टेनिस से भी बहुत प्यार है और यूएस ओपन 2023 का मजा लेने के लिए ही वह अमेरिका गए हुए हैं। यूएस ओपन 2023 के मेंस क्वार्टर फाइनल मुकाबल में धोनी कैमरे में कैद हुए और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया। धोनी की जो वीडियो क्लिप शेयर की जा रही है, उसमें वह कालीस अल्काराज के पीछे बैठे हुए नजर आ रहे हैं। अल्काराज ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया और सेमीफाइनल का टिकट कटाया। कालीज ने इसी साल विम्बल्डन ग्रैंड स्लैम जीता है और उन्हें यूएस ओपन खिताब के भी प्रबल दावेदार के रूप में देखा जा रहा है।

# पहले ही ओवर में बन गए 39 रन, वीडियो सोशल मीडिया पर मचा रहा तबाही



नई दिल्ली, क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है और यहां सारे प्रेडिक्शन फेल हैं। भारतीय टीम के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग की यह बात इस खेल में हर दम सही होती दिखाई देती है। सोशल मीडिया पर इस समय एक वीडियो वायरल हो गया है। यह वीडियो यूरोपियन क्रिकेट का है, जहां दो टीमों के बीच मुकाबले ने सभी रिकॉर्ड्स को ताक पर रख दिया है। यूरोपियन क्रिकेट में बेयर बूस्टर्स और कोलन चैलेंजर्स के बीच टूर्नामेंट का 47वां मुकाबला खेला जा रहा था।

पहले ही ओवर में रिकॉर्ड्स तहस–नहस

बता दें कि बेयर बूस्टर्स की टीम पहले बल्लेबाजी कर रही थी। कोलन चैलेंजर्स की तरफ से निखिल पाटिल पहला ओवर करने आए। स्ट्राइक पर अरिथरन वसीकरन थे। पाटिल के पहले ही ओवर में रिकॉर्ड 39 रन बने। ओवर की पहली गेंद वाइड रही, जिस पर बाउंड्री गई। इस तरह पहली ही गेंद पर बैटिंग टीम को 5 रन मिले। पाटिल ने अगली गेंद फिर वाइड डाली। तीसरी गेंद पर वसीकरन ने चौका जमाया। चौथी गेंद वाइड रही। फिर वसीकरन ने अगली चार गेंदों में क्रमशः 6,4,6,6, रन जड़े। इस तरह ओवर में कुल रिकॉर्ड 39 रन बने।

अथिरन वसीकरन ने जड़ा शतक

बेयर बूस्टर्स को पहले ही ओवर से शानदार शुरुआत मिली और इसी लय का भरपूर फायदा अथिरन वसीकरन ने उठाया। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने केवल 32 गेंदों में सात चौके और 12 छक्के की मदद से 107 रन बनाए। अथिरन वसीकरन का स्ट्राइक रेट 334.37 का रहा। वसीकरन की पारी के दम पर बेयर बूस्टर ने 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 167 रन बनाए।

**बेयर बूस्टर की शानदार जीत**

168 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलन चैलेंजर्स की टीम 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 123 रन बना सकी। इस तरह बेयर बूस्टर ने 44 रन से मैच अपने नाम किया। कोलन चैलेंजर्स के हरसिमरत ने 24 गेंदों में 5 चौके और सात छक्के की मदद से 67 रन बनाए।

# फिल्मी दुनियां

# फुकरे 3 का ट्रेलर जारी, फिर दर्शकों को लोटपोट करने को तैयार फुकरे गैंग



इस साल कई फिल्मों के सीक्वल दर्शकों के बीच आने वाले हैं। उन्हीं में से एक फुकरे 3 भी है, जिसका इंतजार लंबे समय से हो रहा है।इस फ्रैंचाइजी की पिछली दोनों फिल्में दर्शकों को बेहद पसंद आई थी। यही वजह है कि तीसरी किस्त के लिए भी दर्शक बड़े उत्साहित हैं।बीते दिन फिल्म से कलाकारों की शानदार झलक सामने आई थी और अब इसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है।फिल्म में हर किरदार एक मजेदार अंदाज में दिख रहा है। जहां भोली पंजाबन बनीं ऋचा चड्ढा राजनीति में कदम रख चुनाव लडने़ को तैयार हैं, वहीं वरुण शर्मा उर्फ चूचा के चुटकुले लोटपोट करते हैं।दूसरी तरफ फिल्म में पंडित जी का किरदार निभा रहे अभिनेता पंकज त्रिपाठी के डायलॉग ध्यान खींचते हैं। फिल्म से सामने आईं झलकियों की तरह ट्रेलर भी शानदार लग रहा है और लगता है कि फुकरे गैंग फिर सिनेमाघरों में धूम मचाने वाला है।

इस फिल्म की रिलीज तारीख कई बार बदली जा चुकी है। पहले यह इस साल के अंत में दिसंबर के महीने में रिलीज होने वाली थी।हालांकि, अब प्रभास की सालार के टलने के बाद निर्माता फुकरे–3 को जवान के बाद 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज कर रहे हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द वैक्सीन वॉर से टकराएगी।हाल ही में फिल्म के पोस्टर्स के साथ इसकी रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा था।पहले फुकरे 3 7 सितंबर को उसी दिन रिलीज होने वाली थी, जिस दिन शाहरुख खान की जवान रिलीज हो रही है।बाद में इसे जवान की वजह से ही 1 दिसंबर तक के लिए टाल दिया गया।

## ऑफ शोल्डर गाउन पहन मलाइका अरोड़ा दिखीं सुपरहॉट, तस्वीरें इंटरनेट पर काट रहीं बवाल

बॉलीवुड की फिटनेस क्वीन मलाइका अरोड़ा आए दिन अपनी हॉटनेस और बोल्ड फिगर से फैंस को हैरान कर देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनके हर एक लुक की तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट स्टाइलिश आउटफिट में हॉट फोटोशूट करवाया है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस लग रही हैं। बॉलीवुड के हैंडसम हंक एक्टर अर्जुन कपूर की गर्लफ्रेंड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा आए दिन अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं बटौरती रहती हैं। उनकी हर एक फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपनी लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट फैंस के बीच शेयर किया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा का सेक्सी आउटफिट देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफ करते हुए नजर आ रहे हैं। मलाइका अरोड़ा ने व्हाइट कलर की ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं।

## रॉकी और रानी... के नाम बड़ी उपलब्धि, अब बुसान अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिखाई जाएगी फिल्म



करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानीको रिलीज हुए 1 महीना बीत चुका है, लेकिन फिल्म अब भी लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं।बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने बढ़िया प्रदर्शन किया है, वहीं फिल्म की कहानी और किरदारों की भी दर्शकों के साथ–साथ समीक्षकों ने सराहना की है।अब खबर है कि इस फिल्म को लोकप्रिय बुसान फिल्म महोत्सव के लिए चुना गया है।

रॉकी और रानी... को प्रतिष्ठित बुसान अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल 2023 के ओपन सिनेमा श्रेणी के तहत प्रदर्शित किया जाएगा। फिल्म अंतरराष्ट्रीय स्तर अपनी पहचान बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।धर्मा प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया पर एक दिल वाला इमोजी साझा कर लिखा, आपका प्यार है तो सब है।इसके साथ जिन 4 फिल्मों को जगह मिली है, उनमें फ्रांस से डॉगमैन और द एनिमल किंगडम, जापान से रिवॉल्वर लिली और हांगकांग से वन मोर चांस शामिल है।यह महोत्सव 4 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक चलेगा। इस साल यहां कुल 269 फिल्में दिखाई जाएंगी। बुसान फिल्म महोत्सव का आयोजन हर साल दक्षिण कोरिया में होता है। यह एशिया के बड़े फिल्म महोत्सवों में से एक है। इसकी शुरुआत 1996 में हुई थी। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के प्रोडक्शन का काम तो करण ने संभाला ही, इसी के साथ उन्होंने इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी उठाई।

# करीना कपूर ने ओटीटी पर दी दस्तक, रिलीज हुआ फिल्म जाने जान का ट्रेलर



करीना कपूर ने कई शानदार फिल्मों में काम किया है। हालांकि, उनकी पिछली फिल्म लाल सिंह चड्ढा बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई।बहरहाल, अब करीना फिल्म जाने जान से ओटीटी पर कदम रख रही हैं और पिछले कुछ दिनों से लगातार इसे लेकर चर्चा में बनी हुई हैं।कुछ दिनों पहले उन्होंने अपनी इस फिल्म का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के साथ साझा किया था और अब उन्होंने फिल्म का ट्रेलर दर्शकों के बीच पेश किया है।ट्रेलर रोमांच से लबरेज है। इसे देख लगता है कि एक बेहतरीन क्राइम थ्रिलर फिल्म की सौगात दर्शकों को मिलने वाली है।करीना का गंभीर और आक्रामक अवतार फिल्म की रिलीज को लेकर उत्सुकता जगाता है, वहीं अभिनता जयदीप अहलावत ने भी ट्रेलर में आकर्षित किया है। कभी न देखे गए अवतार में नजर आ रहे जयदीप ने फिल्म में जान डाल दी है।ट्रेलर में विजय वर्मा के साथ करीना के रोमांस की झलक भी देखने को मिली है।

# मंजरी फडनीस ने जाने तू...या जाने ना की शूटिंग के यादगार पल किए साझा



एक्ट्रेस मंजरी फडनीस, जो आने वाली रोमांटिक कॉमेडी जाने तू...या जाने ना में अपने अभिनय के लिए जानी जाती हैं, ने उन पलों के बारे में बात की, जो रिलीज के 15 साल बाद भी उनकी पुरानी यादों को ताजा कर देते हैं।अब्बास टायरवाला द्वारा निर्देशित 2008 की फिल्म जाने तू... या जाने ना में इमरान खान और जेनेलिया डिसूजा लीड रोल में हैं। इसमें प्रतीक बब्बर, मंजरी, रत्ना पाठक, नसीरुद्दीन शाह, सोहेल खान, अरबाज खान और परेश रावल भी अहम भूमिका में हैं।

मंजरी ने मेघना का किरदार निभाया, जो जय (इमरान) की गर्लफ्रेंड थी। हाल ही में, फिल्म ने रिलीज के 15 साल पूरे किए और 39 वर्षीय एक्ट्रेस ने शूटिंग से जुड़े पलों को याद किया।जब मंजरी से पूछा गया कि उन्हें अभी भी फिल्म के बारे में क्या याद आता है, तो उन्होंने बताया, साउथ बॉम्बे की खाली सडक़ों पर चलना। मुझे लगता है कि यही एकमात्र मौका था जब मैंने इसे इतना शांत और इतना विचित्र देखा था, यह इतना अद्भुत था। मुझे लगता है कि यह मुझे पुरानी यादों में खो देता है।

उन्होंने कहा, कभी–कभी जब मैं साउथ बॉम्बे पार कर रही होती हूं, तो मुझे पुरानी यादों का एहसास होता है, और मैं बस आधी रात में सडक़ों पर चलना चाहती हूं। क्योंकि फिल्म में मेरा एक सीन सडक़ पर चलने वाला था, जिसमें वह इमरान से बात करती हूं। वह वास्तव में मेरे लिए यादगार था।

उन्होंने आगे कहा, इगतपुरी में पूरी शूटिंग, जहां हमने नजरें मिलाना गाना शूट किया था, वह कुछ खास था। और निश्चित रूप से पंचगनी में पूरी वर्कशॉप हमारे लिए एक और अद्भुत जुड़ाव वाली जगह थी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com